'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 189 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए मंगलवार, 24 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

एक साल में करूंगा खूब विकास कार्य : राव रामकुमार





## लायक बेटे की तरह करूंगा बड़खल क्षेत्र की सेवा : धनेश अदलखा



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने अपने चुनावी अभियान के तहत एसजीएम नगर से पदयात्रा निकालकर लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और धनेश अदलक्खा को विजयश्री का आशीर्वाद दिया। पदयात्रा पटेल चौक से होते हुए 22 फुट रोड पर खत्म हुई। इस दौरान व्यापारियों व दुकानदारों ने पदयात्रा में भाग लेकर जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें भरपूर समर्थन दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ह्भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। इस मौके पर धनेश अदलखा ने कहा कि मैं भाजपा का सच्चा सिपाही हूं और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रत्याशी बनाकर बडखल क्षेत्र की सेवा के लिए भेजा है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं एक लायक बेटे और भाई की तरह इस क्षेत्र की सेवा करूंगा, कभी आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दस सालों से विकास का जो पहिया बड़खल क्षेत्र में चलाया हुआ है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं आप मुझे जिताकर विधानसभा में भेजो, विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने पदयात्रा के दौरान व्यापारियों व दुकानदारों से कहा कि भाजपा सुशासन और विकास को प्राथमिकता देती है इसलिए जिस प्रकार से आपने देश में एनडीए सरकार बनाने का काम किया, उसी तर्ज पर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करे और मुझे मत रूपी आशीर्वाद दे ताकि में विजयी बनकर विधानसभा में पहुंच सकूं।

## मतरुपी आशीर्वाद दे दो, बदल दूंगा पृथला क्षेत्र की तस्वीर : दीपक डागर



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार दीपक डागर ने अपने चुनावी प्रचार अभियान के तहत आज गांव खजूरका, मुजेडी, नया गांव, कुरारा शाहपुर, कटेसरा, डढौता, अमरपुर, जल्हाका, गढखेड़ा आदि में जनसंपर्क करके लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। गांवों में जगह-जगह जहां श्री डागर को लड्डुओं से तौला गया वहीं उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस बार पृथला क्षेत्र की जनता उन्हें विधायक चुनकर विधानसभा में भेजेगी। सभाओं में उमड़ रहे जनसमूह से उत्साहित दीपक डागर ने कहा कि आपके प्यार और आशीर्वाद ने मुझे चुनाव लड़ने की ताकत दी है और मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि अगर आपने मतरुपी आशीर्वाद देकर मुझे जिताकर भेजा तो पृथला क्षेत्र को विकास के मामले में सबसे अव्वल विधानसभा बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग स्वयं को दीपक डागर मानकर इस चुनावी समर में उतर जाएं और इस क्षेत्र से इतनी बड़ी जीत हासिल करके दिखाएं कि आगे कोई भी पार्टी किसी मेहनतकश कार्यकर्ता का टिकट न काट सके। श्री डागर ने कहा कि वह निस्वार्थ भाव की राजनीति करते है और सभी को साथ लेकर पृथला क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि अगर जनता ने उन्हें आशीर्वाद रुपी मत देकर विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा तो वह समान रुप से पृथला क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे इसलिए आगामी पांच अक्टूबर को बैट के निशान के सामने वाला बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं।

# राहुल गांधी की तीसरी पीढ़ी भी आ जाए तो भी धारा 370 खत्म नहीं होने देंगे : अमित शाह



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को टोहाना में भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र बबली एवं रतिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुनीता दुग्गल के समर्थन में जन आशीर्वाद रैली की। इस दौरान अमित शाह आक्रामक नजर आए। धारा 370 पर कांग्रेस को घेरा। शाह ने कहा कि राहुल गांधी नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के साथ जाकर जम्मू कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू करने और आतंकवादियों को सम्मान देने की बात करते हैं, लेकिन मैं कहता हूं कि राहुल गांधी की तीसरी पीढ़ी भी आ जाए तो भी भाजपा धारा 370 खत्म नहीं होने देगी। श्री शाह ने कहा कि भाजपा ये भी मानती है कि पाकिस्तान द्वारा कब्जाया गया कश्मीर भी भारत का अविभाजित हिस्सा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दलितों के अपमान और सरकारी नौकरी बेचने पर कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लताड़ा। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी के शासन में हरियाणा में गोहाना कांड हुआ, 2010 में मिर्चपुर कांड हुआ जिसकी जिम्मेदार केवल कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने युवाओं को हमेशा से 'नोट फाउंड स्यूटेबल' का बहाना देकर नौकरियों से आरक्षण वंचित रखने का काम किया है। कांग्रेस ने हमेशा दलित नेताओं का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस की सरकार में कभी बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया गया, लेकिन भाजपा ने बाबा साहेब के नाम से पंचतीर्थ बनाकर और संविधान दिवस मनाने की घोषणा कर के उन्हें सम्मान देने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने घोषणा पत्र में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है, लेकिन पहले जवाब दें कि यह नौकरियां योग्य युवाओं को मिलेगी या खर्ची देने वालों को मिलेगी।

कांग्रेस के नेता खुद कहते हैं कि बिना घपले हमारी सरकार नहीं चल सकती है। अमित शाह ने कहा कि पूर्व की सरकारों में बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरी नहीं मिलती थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने हजारों युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां देने का काम किया है।

## भाजपा सरकार ने छीना गरीबों से उनका का हक : विजय प्रताप



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने सोमवार को एनआईटी 1 जे, बी ब्लॉक, सामुदायिक भवन, फ्रेंड्स कॉलोनी, एसजीएम नगर, सेक्टर-21 डी एवं अनखीर रोड पर आयोजित जनसभाओं में शिरकत की और लोगों की समस्याएं जानी। महिलाओं ने उनको अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि वो पिछले 10 साल से परेशानियों से जूझ रहे हैं। विजय प्रताप ने कहा कि मैं आपकी परेशानियों को समझता हूं और उनको ही दूर करने आया हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने शहर के सेक्टरों को भी बर्बाद कर दिया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगों को ठगा गया है, बारिश में भी यहां पर दो-दो फुट पानी भर जाता है। सभी जगह विजय प्रताप का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

अपने सम्बोधन में विजय प्रताप ने कहा कि आज लोगों को सीवर मिला हुआ पानी पीने को मिल रहा है, वो भी जब आता है जब हमारी माता-बहनें रात को 1-1 बजे तक जागती हैं।

उन्होंने लोगों से आशीर्वाद मांगा और कहा कि इस बार नैया पार लगा दो, आप लोगों की परेशानियां दूर करने का काम मेरा। आज मुझे बड़ा दुख होता है जब वह लोगों के बीच जाते हैं और लोग उन्हें कहते हैं कि सीवर का पानी सडकों पर बह रहा है। नालों की सफाई न होने से बदबूदार पानी लोगों के घरों में घुस रहा है, पीने के लिए पानी नहीं है। सीएम घोषणा के पांच साल बाद भी लोगों को जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिली। लेकिन, लोग धैर्य रखें, कांग्रेस की सरकार आ रही है, बडखल विधानसभा का स्वरूप बदल देंगे। तीन महीने के अंदर आपको सड़क पर कहीं पानी नहीं दिखाई देगा, सड़क पर कहीं गड्ढे दिखाई नहीं देंगे, सीवर बहता हुआ नहीं मिलेगा और न ही कचरे के ढेर आपको कहीं दिखाई देंगे।

विजय प्रताप ने कहा कि आज शहर को टोल का अड्डा बना दिया है। 6-6 टोल शहर में लगे हुए हैं। आप शहर के बाहर जाओगे तो भी आपको टोल देना होगा और शहर में वापिस आओगे तो भी आपको टोल देना होगा। लेकिन, मैं आपसे वादा करता हूं कांग्रेस की सरकार आने पर 3 टोल गुडगांव, सोहना एवं बदरपुर हटा दिए जाएंगे।

विजय प्रताप ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो मेट्रो को गुडगांव तक ले जाने का काम करेंगे। नाहर सिंह स्टेडियम को पिछले 8 सालों से बनाया जा रहा है, जिसके लिए 122 करोड़ का बजट पास हुआ था। लेकिन, मजे की बात देखो भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 225 करोड़ का बजट और इस स्टेडियम के लिए दे गए। यानि जनता के पैसे को इस तरह लुटाया जा रहा है। जबकि, काम में देरी के चलते ठेकेदार पर कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन भाजपा सरकार उल्टा ईनाम देने का काम कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि टैक्स के रूप में दी गई लोगों की कमाई को किस प्रकार पानी की तरह बहाया जा रहा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर इनसे एक-एक पैसे की रिकवरी की जाएगी।

## छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर योजनाबद्ध तरीके से करेंगे पृथला क्षेत्र का विकास : पं. टेकचंद शर्मा

### भाजपा प्रत्याशी का गांवों में हुआ जोरदार स्वागत, ग्रामीणों ने दिया विजयश्री का आशीर्वाद



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि यह चुनाव टेकचंद शर्मा नहीं बल्कि पृथला क्षेत्र की जनता लड़ेगी, प्रत्येक मतदाता अपने आपको टेकचंद शर्मा मानकर इस चुनावी समर में कूद जाए और इतनी बड़ी जीत भाजपा की झोली में डाले, जो आज तक हरियाणा में किसी विधानसभा क्षेत्र न हुई हो। श्री शर्मा आज अपने चुनावी अभियान के तहत गांव आमरू ब्राह्मण चौपाल, फिरोजपुर, अगवानपुर, सदरपुर, घाघौट, ककड़ीपुर में जनसंपर्क करके चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आशीर्वाद दिया। सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर इस क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए, लेकिन 2019 में टिकट न मिलने के चलते और समर्थकों के आह्वान पर पार्टी से वफादारी करते हुए चुनाव नहीं लड़े, लेकिन इस बार भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा तो जो पृथला क्षेत्र विकास की पटरी से उतर गया था, वह एक्सप्रेसवे की तरह विकास की धुरी से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2024 से 2029 तक एक मिशन के तहत क्षेत्र का विकास करेंगे और 20 प्वाइंट सेट करके क्षेत्र को एशिया ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर हमें कट मिल रहा है, लेकिन उसका फायदा तब तक नहीं होगा, जब तक यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र घोषित न हो जाए, इसे औद्योगिक क्षेत्र घोषित करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पृथला क्षेत्र मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे, ताज एक्सप्रेसवे, केजीपी आदि से जुड़ा है इसलिए यहां इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाना, मोहला से कैली बाईपास बनवाना, नर्सिंग डिग्री कालेज चालू करवाना, आईएमटी से लेकर मच्छगर, मुजेडी, चंदावली बाईपास रोड बनवाना उनकी प्राथमिकता में शुमार रहेगा।

## होडल विधान सभा से आजाद उम्मीदवार नवीन रोहिल्ला ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की जीत का बिगाड़ा खेल



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल विधानसभा से आजाद उम्मीदवार डॉक्टर नवीन रोहिला ने आज होडल रेलवे स्टेशन पर दैनिक यात्रियों की समस्या को सुन समाधान करने का आश्वासन दिया इस मौके पर आजाद उम्मीदवार डॉक्टर नवीन रोहिल ने कहा कि वर्षो से चली आ रही दैनिक यात्रियों की समस्या समाधान करूंगी और अगर मुझे होडल विधानसभा की जनता ने मौका दिया तो जो पुरानी ट्रेन तो चलेगी ही और उससे ज्यादा भी ट्रेनें चालवाने के लिए हरियाणा विधानसभा में आपकी आवाज उठाई जाएगी यात्रियों ने डॉक्टर नवीन रोहिल्ला को आश्वासन दिया कि हम डॉक्टर नवीन रोहिल्ला को हरियाणा विधान सभा में जीता कर भेजने का काम करेंगे हमें ऐसे ही एक पढ़े-लिखी और शिक्षित उम्मीदवार की तलाश थी जो हमें इन पुराने विधायकों से निजात दिला सके इस मौके पर दैनिक यात्री कीर्तन मंडली के प्रधान जगबीर ने कहा कि हमारी जो यात्रियों की समस्या है कोरोना काल से एक ही ट्रेन चल रही है बाकी सभी ट्रेनें बंद कर दी गई है जिसकी हमने काग्रेस प्रदेशअध्यक्ष उदयभान व पूर्व विधायक जगदीश नायर को भी ज्ञापन दिया लेकिन हमारी समस्या का समाधान नहीं हआ जो सरकार में विधायक होकर भी यात्रियों का समाधान नहीं कर पाए तो हमें ऐसे विधायक जरूरत नहीं है। दैनिक यात्रियों ने कहा की पिछले कार्यकाल के विधायकों ने सिवाय झूठे वायदे करके वोट हासिल किए थे अबकी बार तीसरे विकल्प के रूप मै नवीन रोहिल्ला को ही हमारा पूर्ण समर्थन है।

## एनआईटी की जनता का सेवक बनकर काम करूंगा: सतीश फागना



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** एनआईटी से भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना का जनता के सहयोग एवं समर्थन से माहौल एकतरफा होता जा रहा है। सतीश फागना ने आज पाली गांव, नेकपुर गांव, संजय एन्क्लेव, संजय कालोनी, जीवन नगर-भाग 2 और पर्वतीय कालोनी में लोगों से जनसम्पर्क करने पहुंचे, जहां गणमान्य व्यक्तियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी की जनता का प्यार, स्नेह और समर्थन अगर यूं ही मिलता रहा तो मै आपका विधायक बनकर नहीं बल्कि सेवक बनकर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की कमान एनआईटी की जनता एवं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने संभाली हुई है। सतीश फागना ने कहा कि हरियाणा में पिछले दस वर्षों से लगातार भाजपा की सरकार रही है, जोकि समाज एवं 36 बिरादरियों के लिए सम्मान की बात है। एनआईटी की जनता निर्वतमान ड्रामेबाज विधायक और पूर्व गद्दार विधायक को सबक सिखाने का मन बना चुकी है और बेसब्री से आने वाली 5 अक्टूबर का इंतजार कर रही है जब वह कमल के फूल के चुनाव चिन्ह का बटन दबाएगी। सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी मेरे रग रग में बसा हुआ है और यदि आप मुझे विधायक बनाते है तो आपको काम के लिए मेरे पास घर चलकर नही आना होगा। अगर मेरे घर आना तो सिर्फ मेरे साथ चाय पीने आना।

## जन्मदिन मुबारक: तुम जियो हजारों साल....!



सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गरीब एंव आश्रित बच्चों के बीच पहुंच कर जन्मदिन मनाया एंव यथासंभव राशि देकर उनकी शिक्षा के लिए सहायतार्थ मदद की। सूरजपाल भूरा इस तरह के कार्यों के जरिए मिसाल पेश करते रहते हैं, जिससे समाज के अन्य युवाओं को उनसे प्रेरणा मिले।

# डॉ भीमराव अंबेडकर महासंघ ने भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को दिया समर्थन

### गंगा यमुना की सौगंध मैं नहीं बोलता हूं जीवन में झूठ जो कहता हूं उसे करता हूं पूरा।



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** बाबा साहब अंबेडकर के दिखाएं रास्ते पर ही आज भाजपा देश और प्रदेश का विकास कर विकसित हरियाणा विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है, उन्होंने कहा कि मैं स्वयं संविधान के नियम अनुसार ही बल्लभगढ़ को विकसित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जहां शिक्षा होती है वही तरक्की के रास्ते बनते हैं। इसलिए उन्होंने बल्लभगढ़ को सर्वप्रथम शिक्षा का हब बनाने का कार्य किया है। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा आज जनसंपर्क अभियान के तहत सेक्टर 3 स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर महासंघ फरीदाबाद आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बल्लबगढ़ विधानसभा का तूफानी दौरा किया और अलग-अलग स्थानों पर लोगों को संबोधित किया।

अपना समर्थन देते हुए अंबेडकर महासंघ के सदस्यों ने कहा की कहा भारी मतों से मूलचंद शर्मा को विधायक बनाकर बल्लभगढ़ से चंडीगढ़ भेजने का काम करेगे। उन्होंने हाथ उठाकर समर्थन का आश्वासन दिलाया। इस मौके पर संस्था के प्रधान जसराम आनंद ,मानसिंह ,प्रदीप धनराज सिंह ,धर्मवीर थानेदार, गजेंद्र,भवानी प्रसाद प्रधान, विश्वनाथ पूर्व प्रधान, भगवत कुमार, नवीन चेची, जगजीत ढिल्लों, सुंदरलाल शास्त्री, धर्मवीर और राजेंद्र शर्मा सहित गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के बाद समाज के सभी लोगों से वोट की अपील की और गंगा यमुना की सौगंध खाकर सेक्टर 23 के लोगों को भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने आश्वासन दिया कि मैं झूठ नहीं बोलता हूं मैंने जो कहा है वह किया है और जो वादा करके जाऊंगा उसे भी आने वाले समय में जल्द से जल्द पूरा कराने का काम करूंगा।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है और इसी बीच के लोगों के सामने अपने विकास कार्यों का लेखा जोखा भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में विधायक रहे लोगों से भी पूछो कि उन्होंने 10 साल में क्या किया है उन्होंने कहा कि पूर्व में विधायक रहे लोगों ने शहर में भ्रष्टाचार और लूट मचाने का काम किया था वह अपने कार्यकाल में बनी एक भी बिल्डिंग का उदाहरण जनता को दें जो उन्होंने पूरी बनवाए हो, उन्होंने कहा कि हमने शहर में स्कूल कॉलेज, अस्पतालों की बिल्डिंग के साथ साथ सामुदायिक भवन बनवाए जो आज आमजन के लिए लाभदायक सिद्ध रहे। इसके उपरांत बल्लबगढ़ आदर्श नगर आयोजित चुनावी चाय की चर्चा कार्यक्रम में भाजपा से तीसरी बार के प्रत्यासी मूलचंद शर्मा ने स्थानीय निवासियों से अपील करते हुए कहा की जब जब भाजपा की सरकार देश में अथवा राज्य में बनती है तब तब विकास का खिलने वाला कमल लोगो के चेहरों पर खुशी देने का काम करता है। इस मौके पर एडवोकेट हेमेंद्र तोमर, कन्हैया लाल, राजेंद्र तोमर, गौरव और सौरभ नंदा, प्रताप प्रजापति मोजूद रहे। बल्लबगढ़ मलेरना पर आयोजित चाय पर चुनावी चर्चा कार्यक्रम में भी वह शामिल हुए। इस मौके पर ठाकुर रवि रावत,जगपाल सोलंकी,ऋषिपाल हुडा,सोनू सोलंकी,भारतपाल सोलंकी मोजूद रहे। इसके अलावा मुजसेर स्थित हरियाणा स्टील मोगर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में श्री राजकुमार गुप्ता द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा पहुंचे। इस मौके पर श्री शर्मा ने सभी से 5 अक्टूबर को कमल के निशान पर वोट की अपील की। इस मौके पर ऋषभ गुप्ता, सुनील गुलाटी ,बिल्लू कल अशोक गर्ग, प्रमोद राणा, जोगिंदर सिंह प्रधान सेक्टर 23 गुरुद्वारा, सुभाष लांबा, अनुराग गर्ग, योगेश गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, मनजीत चावला, अरुण बजाज, गंगेश तिवारी, डीपी यादव शाहिद उद्योगपति एवं समाजसेवी लोग और टीम मुजेसर मौजूद रही।

# नूंह के कई गांवों के सैंकड़ों लोग इनेलो बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल

## आफताब को रायपुरी, किरा, कंवरसिका, आलदुका, छापड़ा, गजरपुर आदि में जन समर्थन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कॉंग्रेस के नूंह प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद को सोमवार को भी जन समर्थन जारी रहा, विधानसभा के रायपुरी, किरा, कंवरसिका, आलदुका, छापड़ा, गजरपुर गांवों में कॉंग्रेस को भारी समर्थन मिला। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने बीजेपी, इनेलो आदि दलों को छोडकर कॉंग्रेस को समर्थन दिया। लगातर मिल रहे समर्थन से कॉंग्रेस पार्टी बेहद मजबूत स्तिथि में है। कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को रायपुरी गांव में ज़बर्दस्त समर्थन मिला जहां जमील अहमद, कमाल, सब्बीर, डॉ नसीर, फजरु, लियाकत, आसू, नोमान, आबिद, वाकिम, कमरू, जाबिद, तैय्यब, अलादीन, शेर अली, साबिद, उमरा, सरफराज सहित कई दर्जनों परिवारों ने इनेलो, बीजेपी छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया।

उधर किरा गांव में आफताब अहमद का ढ़ोल नागाड़ा फूलों से स्वागत किया गया। इस दौरान जीतू सरपंच किरा, उदय राज, लक्ष्मण, सुंदर, दलसिंह, लक्ष्मण, सूरज, बलबीर, बिजेंद्र, ज्ञान चंद, भजन, पंडित शिव दत्त, जगदीश, महावीर, यादराम, जयपाल, किशन सिंह, अशोक बाल्मीकि, दीपचंद, सुमेर मेंबर, गिर्राज आदि ने कॉंग्रेस को समर्थन दिया। वहीँ आईएमटी सोहना के नजदीक गाँव कंवरसिका में भी कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को बड़ा जनसमर्थन मिला जहां पहलू सरपंच, मुस्तकीम, सहाब्दीन, हाजी सईद, कमरू मजीद, सुबत, ज़ाकिर वकील, इसे ख़ान, अय्यूब, रशीद, सलीम कमरू, तौफ़ीक़ मिस्त्री, रमजान मिस्त्री, सरफुद्दीन, दुली चंद, सीकू, सुखबीर, रोहताश, हुकम, किशन लाल, जमशेद, नसरू, हनीफ़ ठेकेदार, हाजी सत्तार, संजय ठेकेदार, उम्मर, डॉ दीनू, अख़्तर, कम्मर सिंगारिया, रफ़ीक, राशीद, ओम प्रकाश, आज़ाद आदि ने कॉंग्रेस को समर्थन दे दिया।



वहीँ गाँव छापड़ा में भी कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को लोगों का साथ मिला और नोमान सरपंच, अनीश, सलीम नंबरदार, लियाकत, हिदायत, कासम, अरशद, शहाबुद्दीन, आबिद, मूबीन, असगर, असलम, आरिश, हासमदिन, अजमत, नादर, रमजान, शराफ़त, मुकीम, इरफ़ान, आशिक़, वकील, जानू, हाजी सिताब, वसीम नंबरदार ने कॉंग्रेस को समर्थन दे दिया। गाँव गजरपुर में कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को रशीद, उम्मर, अब्दुल जब्बार, मुबारिक, मुस्ताक, नसीम, आज़म, नाजमि, अकबर नंबरदार, ख़लील, तौहीद, समसू, मोहम्मद अब्बास आदि ने समर्थन दिया। वहीँ जिला कॉंग्रेस मुख्यालय नूंह पर आलदुका गांव के जगदीश चेयरमैन, लालराम नंबरदार, सुन्दर नंबरदार, रोशन लाल पंच,नीरज पंच, संदीप, पीयूष देशवाल, शिवा देशवाल, रोहित देशवाल, बुद्धि पंच, मनेस देशवाल, पंकज देशवाल, जिलेराम, हर्षित, लेखराज देशवाल, कृष्ण देशवाल आदि ने कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को समर्थन दे दिया।

वहीँ रविवार देर रात कॉंग्रेस प्रत्याशी को आधा दर्जन गांवों जैसे सुडाका, घासेड़ा, नलहड़, फिरोजपुर नमक, जयसिंहपुर, रोजका मेव में भी जोरदार समर्थन मिले जहां कई सौ लोग बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कॉंग्रेस के हो गए। लोगों को संबोधित करते हुए कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश के पूरे लोग बीजेपी को हटाकर कॉंग्रेस सरकार बनाने जा रहे हैं और नूंह के लोग भी बीजेपी सरकार को उखाड़ने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश भर में और नूंह जिले में भी बीजेपी की सहायक और वोट कटवा पार्टी की भूमिका निभाने वाली इनेलो जजपा का भी सफाया करने का जनता का मन है। उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस प्रदेश में 80 सीटें तक जीत कर सरकार बनाने जा रही है और इसमें नूंह के लोगों की बड़ी भूमिका होगी। कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि एक नेता पांच सालों तक हारने के बावजूद सत्ता की मलाई चाटता रहा और जनता और अपने वोटरों को नकारता रहा। आज वही नेता बीजेपी के साथ मिलकर इनेलो की शक्ल में लोगों को फिर धोखा देना चाहता है। लेकिन आज जनता ने उसे भी पूरी तरह से नकार दिया है। जनता उनसे पूछ रही है कि वो नेता बीजेपी में क्यों है और बेटे को इनेलो में क्यों भेजा है। कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी के इन्हीं नेताओं के नकारत्मक रवैय्या के कारण ही दस सालों से नूंह जिले का विकास रुका हुआ है क्योंकि ये नेता खुद अपने स्वार्थों की पूर्ति कर रहे थे।

कॉंग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि कॉंग्रेस सरकार बनते ही नूंह जिले का विकास तेज गति से किया जायगा। उन्होंने कहा कि उनकी जीत जितनी बड़ी होगी सरकार में उतनी ही जिम्मेदारी भी इलाके को जरूर मिलेगी। वहीँ पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि इनेलो प्रत्याशी का मकसद जीत का नहीं ब्लकि बीजेपी के साथ एक समझौते के तहत बीजेपी में पिता और इनेलो में पुत्र कार्य कर रहे हैं। लेकिन जनता इन्हे समझ चुकी है और ऐसे लोग अपनी जमानत जप्त करवाने की तरफ चल रहे हैं क्योंकि जो जनता का नहीं होता जनता भी उनकी नहीं होती। उन्होंने कॉंग्रेस में शामिल होने वालों को आश्वासन दिया कि उनके मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जायगी और सभी को साथ लेकर विकसित नूंह का निर्माण किया जायगा।

# मालब सहित दर्जन भर गांवों में चौधरी ताहिर हुसैन को समर्थन, सैंकड़ों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर इनेलो का थामा दामन

**करीब 2- 3 घंटे रहा नूंह से मालब रोड जाम, पूरा मालब ताहिर हुसैन के स्वागत में सड़कों पर**

**नूंह विधानसभा के मालब, शेखपुर, छोटी मेवली, मोहम्मदपुर, कोटला, बाई, खोरी, पल्ला आदि दर्जनभर गाँवों का दौरा किया**

**हर गांव में ताहिर हुसैन का हो रहा है फूलों से स्वागत, मां बहनें भी स्वागत में जुटीं**

**इनेलो बसपा का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधानसभा में इनेलो बसपा प्रत्याशी का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। नूंह विधानसभा की जनता लगातार समर्थन दे रही है। लोगों में खासतौर युवाओं में इतना जोश व उत्साह पहली बार देखने को मिल रहा है। सोमवार को इनेलो बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन ने मालब, शेखपुर, छोटी मेवली, मोहम्मदपुर, कोटला, बाई, खोरी, पल्ला आदि दर्जनभर गाँवों में जनसभाओं को संबोधित किया। लोगों ने जन संपर्क कार्यक्रम को जनसभाओं में तब्दील कर दिया। सभी गांवों में ताहिर हुसैन के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला।

चौधरी ताहिर हुसैन को ग्रामवासी हर जगह लंबे काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ समर्थन समारोह तक लेकर पहुंच रहे हैं। मालब गांव में भाई इकबाल ठेकेदार जमील मेंबर, इस्लाम व्यापारी, हाकम व्यापारी, रसीद , हाजी अली मोहम्मद , हाजी जमील अहमद, कल्लू व्यापारी, पप्पल , सलीम, रईस, राशिद गोरवाल, मुकेश प्रजापति, अमित मंगला, साबिर गोरवाल, फखरुद्दीन चौकीदार आदि के अलावा सैंकडों प्रमुख लोगों ने कांग्रेस व आफताब को छोड़कर इनेलो-बसपा में विश्वास जताया। ताहिर हुसैन ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। पूरा गांव चौधरी ताहिर हुसैन के स्वागत में सड़कों पर उतर आई। महिलाएं भी घरों की छतों से फूलों की वर्षा करती नजर आई।

चौधरी ताहिर हुसैन ने ग्राम वासियों के इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों व जनसमर्थन के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है कि हर कार्यक्रम में देरी से पहुंच रहे हैं। लोग बेसब्री से स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं। आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मो० यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। इंशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है।

ताहिर हुसैन ने कहा कि ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने का चुनाव है। हर नौजवान साथी इन समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। कोई भी साथी अपने आप को अकेला महसूस ना करे। ताहिर हुसैन हर समय नूंह विधानसभा की जनता जनार्दन के साथ है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूँद का कर्ज चुकाऊँगा। ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्व: चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।

# हिरवानी, बावनखेड़ी, नरियाला, पाड़ला सहित दर्जनों गांवों में मामन खान को मिला भारी समर्थन

**कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को दिलाया जाएगा रोजगार : मामन खान।**

**डोर टू डोर अभियान में उमड़ रहे जनसैलाब का हमेशा आभारी रहूंगा : मामन खान**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोमवार को फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों के उमड़े जनसैलाब का अभिवादन करते हुए विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा।

फिरोजपुर झिरका विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने रविवार को क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में डोर टू डोर अभियान चलाया, जहां उन्हें गांवों में पहुंचने पर जनता का अपार प्यार और भारी समर्थन मिला। इस दौरान हिरवानी, बावनखेड़ी, नरियाला ,पाड़ला सहित दर्जनों गांवों के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर जहां बुढ़ापा पेंशन 6000 दी जाएगी, वही गैस सिलेंडर 500 में और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का काम किया जाएगा। इतना ही नहीं हरियाणा प्रदेश के युवाओं को 2 लाख पक्की सरकारी नौकरी देने का भी काम किया जाएगा। जिसको लेकर कांग्रेस ने अपना मेनिफेस्टो भी जारी कर दिया है। मामन खान इंजीनियर ने डोर टू डोर अभियान के दौरान मिले जनता के अपार प्यार और समर्थन से खुश होते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों का जो प्यार और समर्थन उन्हें मिल रहा है। उसके लिए वह क्षेत्र की जनता का हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें 5 साल पहले विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा था, लेकिन विपक्ष में रहते हुए उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी मुद्दों को विधानसभा में उठाया और उन्होंने करोड़ों रुपए के विकास कार्य भी कराए। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से उन्होंने क्षेत्र के गांवों में विकास कार्य करने के साथ-साथ अपने क्षेत्र में जहां नहरी पानी और बिजली के कार्य कराए ,वहीं लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र के लोगों को उनकी जरूरत पड़ी तो वह हमेशा उनके सुख दुख में शामिल रहे और आगे भी आपके सुख-दुख में हमेशा शामिल रहेंगे। मामन खान ने हिरवाडी गांव में मोजूदा सरपंच के निवास पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो लोग भाजपा और इनेलो के टिकट लाकर आपके बीच में आ रहे हैं, उन्होंने कभी भी 5 सालों में जनता के सुख-दुख में पहुंचकर जनता का हाल नहीं जाना, लेकिन आज टिकट लेकर आपके बीच में वोट की अपील करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग उनसे पूछे कि जब फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आपकी जरूरत थी तो उस समय आप कहां थे और आज वोट मांगने क्यों आ रहे हैं ? उन्होंने कहा कि मैं आपका भाई और बेटा हूं और हमेशा आपके बीच में रहा हूं, लेकिन आप लोगों ने जो मान और सम्मान मुझे दिया है उसके लिए मैं आप लोगों की हमेशा सेवा करूं तो वह भी कम है और मैं वादा करता हूं कि आप लोगों के बीच रहकर हमेशा आपकी सेवा करता रहूंगा। विधायक मामन खान ने कहा कि प्रदेश में आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे और मेवात में सभी रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करने का काम किया जाएगा। जिससे मेवात की जनता एक बार फिर खुशहाल नजर आएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिंदू मुस्लिम के नाम पर मेवात को बांटना चाहते हैं, लेकिन मेवात के लोगों ने हमेशा इस हिंदू मुस्लिम भाईचारे को कायम रखते हुए मेवात में भाईचारे को बुलंद किया है और हमेशा करते रहेंगे। मामन खान ने कहा कि आपके मिल रहे प्यार और समर्थन से वह इस बार लगभग एक लाख वोटो से भी ज्यादा जीतने का रिकॉर्ड कायम करेंगे।

# फिरोजपुर झिरका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को छिरकलोत पाल के 21 गांवों के लोगों ने अपना जन समर्थन दिया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को उस समय बड़ी कामयाबी मिल जब उनकी छिरकलोत पाल के 21 गांवों के लोगों ने चुनावों को उनका अपना जन समर्थन दिया। इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों की अपार भीड़ उमड़ी। यह कार्यक्रम फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के गांव महूं चोपड़ा में आयोजित किया गया।

जिन गांवों के लोगों ने समर्थन दिया उनमें मुख्य रूप से नीमखेड़ा, बडेड, डोंडल, गोकुलपुर, ऐंचवाडी, मल्हाका, डूंगेजा, तिगांव, ढाना, बुबलहेड़ी, चितोड़ा, नहारिका, दुगरी, खेड़ा, हमजापुर, साकरस, कालाखेड़ा, शेखपुर, गुजरनगला, खेड़ली खुर्द, बाई खेड़ा, घटवासन, जेतलका, झारपुड़ी, बाई खेड़ा, सिरसबास व बूचाका गांव के लोग शामिल हुए। इस दौरान जनसर्मथन कार्यक्रम में पूर्वमंत्री आजाद मोहम्मद व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आलम उर्फ मुंडल ने भी भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को अपना समर्थन देकर बड़ी सियासी मजबूती प्रदान की। इससे पूर्व भी भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को विधानसभा के गांवों में लगातार बढ़त मिलती जा रही है। दर्जनों गांवों का पहले ही उनको और समर्थन मिला है तो फिरोजपुर झिरका शहर के साथ नगीना खंड के भी भाजपा नेता बड़ी बढ़त बनाएं हुए हैं। इस मौके पर उमड़े भारी जनसैलाब को संबोधित करते हुए फिरोजपुर झिरका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने उनको समर्थन देने पर पूर्वमंत्री आजाद मोहम्मद, भाजपा नेता आलम उर्फ मुंडल सहित 21 गांवों के गणमान्य लोगों ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज जो सहयोग उनको दिया है उसके लिए वह उन सबके जीवन भर ॠणी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर उनको विधायक बनने का मौका मिला तो वह क्षेत्र की तकदीर को बदलने का कार्य करेंगे। बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित क्षेत्र में युवाओं की बेरोजगारी को दूर करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के इतिहास में मेवात जिले के युवाओं को नौकरियों में उनका अधिकार दिया गया है। पूर्व के समय में युवाओं को उनका हक नहीं दिया जाता था लेकिन अब मेवात के युवा हर विभागों की नौकरियों में आगे आकर अपने हक को प्राप्त कर रहे हैं। युवाओं के आगे आने से ही क्षेत्र में बदलाव होगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला व भाजपा के बीरपाल सहित हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

# डॉ अनिल मलिक जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमनः राजेश भाटिया



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महावीर दल के संस्थापक स्व डॉ रघुनाथ राय के पुत्र डॉ अनिल मलिक की 74वीं जयंती के उपलक्ष पर उनके भाई विनोद कुमार मलिक के द्वारा सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महावीर दल मार्केट नंबर 1 फरीदाबाद में हवन का आयोजन किया गया। मंदिर व स्कूल के प्रधान राजेश भाटिया ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने बताया की डॉ अनिल मलिक ने 1972 में इस स्कूल जिसका पुराना नाम श्री सनातन महावीर दल स्कूल था का निर्माण करवाया तथा गरीब बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित कर दिया। किंतु वर्ष 1981 में डॉ अनिल मलिक का दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया तत्पश्चात डॉ रघुनाथ राय ने इस स्कूल का नाम अपने पुत्र के नाम से डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महावीर दल स्कूल रख दिया। लगभग 44 साल के उपरांत भी डॉ अनिल मलिक को उनका परिवार उनके जन्मदिन एवं मरण दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना नहीं भूलते और इन दोनों दिनों पर हवन व बच्चों के लिए प्रसाद का आयोजन किया जाता है।

## ब्राह्मण समाज के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि, बीजेपी के लिये आगे आये समाज : डॉ महेश शर्मा

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** नोएडा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा अपने फरीदाबाद प्रवास पर शहर के गणमान्य ब्राह्मण नेतृत्व के बीच सुरेश कुमार कौशिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने शहर के गणमान्य ब्राह्मण नेताओं, सेवानिवृत्त अफसरों, उद्यमियों और शिक्षाविदों के बीच कहा कि ब्राह्मण स्वयं कुछ अर्जित करता है तो उसका लाभ समस्त समाज को अवश्य पहुँचता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण कुल देश की दशा और दिशा निर्धारित करने में अग्रणी स्थान रखता है। उन्होंने कहाँ की डॉक्टर हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की, वह ब्राह्मण थे चाहते तो ब्राह्मण संगठन बना सकते थे परन्तु सामाजिक समरसता का भाव देश में रहे और संगठन व्यक्ति निष्ठ न बने इसलिये उन्होंने भगवा ध्वज को स्वयंसेवकों के लिए गुरु निर्धारित किया। इसी प्रकार से श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल चाहते तो ब्राह्मण पार्टी बना सकते थे परन्तु जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन दिया। उन्होंने कहा की ब्राह्मण देश के प्रति समर्पण की बड़ी भावना रखता है और समाज निश्चित रूप पर ऐसे व्यक्ति को चुनेगा जिसका राष्ट्र निर्माण के प्रति सम्पूर्ण समर्पण हो। उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा से विपुल गोयल को सबसे सशक्त प्रत्याशी बताया और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करने की अपील की। साथ ही जब सभा में उपस्थित वजीर सिंह डागर ने उनसे यह अपील सभी विधानसभा के लिए की तो उन्होंने बल्लभगढ़ के प्रत्याशी मूलचंद शर्मा जी के छोटे भाई करमचंद शर्मा को देखते हुए कहा की सबके लिए कर रहा हूँ पर बल्लभगढ़ में तो यह कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी वहां तो पंडित जी सबसे ज्यादा अंतर से जीतेंगे।

# एक साल में करूंगा खूब विकास कार्य : राव रामकुमार

## राव रामकुमार ने किया 16 स्थानों पर जनसम्पर्क



राव राम कुमार जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए: फोटो ओमप्रकाश पंचाल



फुलों की बड़ी माला पहनाकर आदर्श नगर में अपना समर्थन देते समर्थक



नोटों की माला पहनाकर अपना आशीर्वाद देकर समर्थन देते समर्थक

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** मेरा बचपन यहां बीता और घर से विभिन्न इलाकों से मैं खुद और कमल व दीपक यादव पार्षद रहे है। हमने न किसी को खाने दिया और न ही आगे खाने देंगे। अब आप सेब के चिन्ह पर बटन दबाकर बल्लभगढ़ का विधायक बनने का मौका दीजिए, फिर देखिए कि फरीदाबाद और पलवल की नौ विधानसभाओं में बल्लभगढ़ का नाम सबसे आगे होगा और हरियाणा प्रदेश में भी बल्लभगढ़ का जिक्र होगा। आज बल्लभगढ़ को पैसा सबसे अंत में मिलता है, लेकिन विधायक बनने के बाद मैं एक साल में बल्लभगढ़ का नाम विकास में सबसे आगे करूंगा। यह बात राव राम कुमार ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र 88 में आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रमों में कही।

उन्होंने कहा कि मैं बल्लभगढ़ में ही रहता हुं। इसलिए आपकी समस्या को समझ सकता हुं। उन्होंने कहा कि जिन्हें आपने दस दस साल मौका दिया, वह चुनाव के बाद आपके पास तक नहीं आए और उनके घर भी सैक्टरों में थे, जिसके लिए आपकों पैसे खर्च करके जाना पड़ता था, लेकिन मेरा मकान और दफ्तर आपके घर से ज्यादा दूर नहीं है और न ही होगा, हमारे घर और दफ्तर तक आप पैदल भी आ सकते है और कभी भी समस्या के लिए फोन या संदेश भेज सकते है, आपकी हर समस्या का समाधान तुरंत होगा। इस दौरान उनके संग उनके संग समर्थक और परिवार के सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। राव राम कुमार ने सुबह छह बजे से अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम शुरू किए। जिसमें उन्होंने सुबह छह बजे सिटी पार्क, साढे सात बजे सेक्टर दो, साढे आठ बजे सुभाष कालोनी, दस बजे सब्जी मंडी, 12 बजे खटीक वाड़ा चौपाल, एक बजे आदर्श नगर, दो बजे मुजेसर और मशीन मार्केट, सहित सेक्टर तीन, विष्णु कालोनी, बनियावाड़ा, भूदत्त कालोनी, सुभाष कालोनी, भाटिया कालोनी ब्लॉक सी और ब्लॉक ए में रात करीब आठ से दस बजे तक जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किए। जिनमें उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिला। महिलाओं और बुजुर्गों ने उन्हें सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया, तो वहीं लोगों ने तन मन धन से साथ रहने का वादा किया और साथ ही जगह जगह उन्हें फूलों और नोटों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

# फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता ने लिया प्रण, विपुल को जिताकर चंडीगढ़ भेजना है

**विपुल गोयल के लिए राजनीति कोई उद्योग नहीं : विपुल गोयल**

**कांग्रेस पार्टी रही है नौकरियों की सौदागर : विपुल गोयल**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल का सोमवार को सेक्टर 17 स्थित सामुदायिक भवन में जोरदार स्वागत किया। विपुल गोयल को फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया और सभी ने हाथ खड़े कर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से जीत का आशीर्वाद दिया।

विपुल गोयल ने लोगों से अपील की, कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग करें। विशेषकर हमारी बहनें अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, क्योंकि आपकी एक-एक वोट हमारी ताकत है। मतदान दिवस लोकतंत्र का एक पर्व है और इस पर्व में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं। उन्होंने लोगों से अपील की, कि आने वाली 5 तारीख को कमल के निशान वाला बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करें।

उन्होंने कहा कि विपुल आपका भाई है और आप मुझे चंडीगढ़ मंत्रालय देखना चाहते हैं, तो अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन मुझे अवश्य दें। विपुल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2024 के घोषणा पत्र में घरेलू महिलाओं को प्रत्येक महिना 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। युवा बच्चे जो नौकरी करना चाहते हैं, उनको बिना किसी पर्ची-खर्ची के 2 लाख नौकरी देने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। कांग्रेस की तरह नौकरियों का सौदा करने का काम हमने नहीं किया।

विपुल गोयल ने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं सीवर, सडक और पानी की जो समस्या इंदिरा कॉलोनी एवं भारत कॉलोनी में उनको एक कलम से दूर करने का काम करूंगा। उन्होंने वादा किया कि फरीदाबाद में विकास कार्य करने में न तो पहले कोई कसर नहीं छोड़ी और न ही अब छोडूंगा। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नति के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करूंगा। विपुल गोयल ने संकल्प लिया कि जो भी गली टूटी हुई हैं, उनको पक्की करने का काम करूंगा। पिछले कार्यकाल में भी 150 करोड़ की लागत से बिजली, पानी, सीवर मुहैया कराने का काम किया। आप लोगों ने जो प्यार और आशीर्वाद मुझे दिया है, तो वादा करता हूं जितने भी आप लोगों के काम है, उनको पूरा करने का काम करूंगा।

विपुल ने कहा कि आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद, कितनी वोटों से जिता कर भेजते हो, यह तय करेगा कि विपुल को आप लोगों ने कितना मजबूत किया है। विपुल गोयल ने कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो वादा करता हूं कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का परिदृश्य बदल दूंगा।

# अपने लोगों के बीच कॉलोनी में रहता हूं: नीरज

**एनआईटी में नहीं चलेगा बाहरी प्रत्याशी**

**बाहरी प्रत्याशियों पर कांग्रेस प्रत्याशी का हमला**

**बाहरी प्रत्याशी भगाओ, कॉलोनी का लाओ**



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बरसात में जब पानी भरता है...तो मेरी गली में भी पानी भरता है। सीवरेज जाम होती है, तो मेरा भी सीवरेज जाम होता है। बिजली जाती है...तो मेरी भी जाती है। हम कॉलोनी वालों की समस्या सांझी हैं। कॉलोनी वालों की समस्या कॉलोनी वाला ही समझ सकता है। यह बात एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जवाहर कॉलोनी में सभा को सम्बोधित करते हुए कहीं। जनसभा में पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी का फूल माला-मुकुट पहनाकर व लड्डुओं से तोल कर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मैं अपने लोगों के बीच कॉलोनी में रहता हूं। यहां की हर समस्या से वाकिफ हूं। अब कांग्रेस सरकार में एक-एक समस्या दूर कर दूंगा। उन्होंने कहा कि एनआईटी की कॉलोनियों में रहने वाला व्यक्ति ही यहां की समस्या को समझ सकता है और समाधान करा सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने बाहरी प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये बड़ी विडम्बना है कि भाजपा सहित सभी पार्टियां हमारे क्षेत्र से बाहरी उम्मीदवार को टिकट देती है। हमारी कॉलोनी के रहने वाले एक भी व्यक्ति को टिकट नहीं देती। अबकी इन सभी पाटीर्यों और बाहरी उम्मीदवारों को ऐसा सबक सीखा दो की अगली बार न तो पार्टियां बाहरी व्यक्ति को टिकट दे और न ही बाहरी व्यक्ति यहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत जुटा सके। उन्होंने कहा कि रहने के लिए तो इन्हें एनआईटी विधानसभा से बाहर का इलाका पसंद है। तथा चुनाव लड़ने के लिए कॉलोनी पसंद है।

हमें एनआईटी विधानसभा में रहने वाला हमारे बीच का व्यक्ति चाहिए न की बाहरी। श्री शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव लड़ने कॉलोनी में आते हैं। ऐसे लोग सिर्फ चुनाव के समय ही इन कॉलोनियों में दिखाई देंगे। इसके बाद कहां गए, किसी को कुछ पता तक नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कई लोग आएंगे और खुद को आपके बीच का बताएंगे। ऐसे लोगों की पहचान कर अपनी वोट की ताकत से इन्हें मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जो एनआईटी विधानसभा में ही न रहता हो, वह इस इलाके के लोगों के लिए क्या करेगा।

कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जनता से आवाहन किया कि अब तय उन्हें (जनता को) करना है कि विधायक उन्हें बाहरी चाहिए या कॉलोनी का। जिस पर जनता ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विधायक को स्थानीय होना जरुरी है। श्री शर्मा ने भाजपा द्वारा फैलाई बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल में कोई चपरासी की भर्ती नहीं किया। यह केवल कच्ची नौकरी देकर लोगों के साथ कुठाराघात करते रहे। लेकिन अब कांग्रेस सरकार आते ही हरियाणा के योग्य अभ्यर्थियों को 2 लाख पक्की सरकारी नौकरी दी जाएंगी।

# कांग्रेस सरकार बनते ही तिगांव के शहर-देहात व कॉलोनियों में होगा जमकर विकास : रोहित नागर

## -तिगांव क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी का एक दर्जन नुक्कड़ सभाओं में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने आज सोमवार को अपने चुनावी प्रचार अभियान के तहत क्षेत्र की एक दर्जन गांव व कॉलोनियों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर अभियान चलाकर भी लोगों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनका फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान करते हुए विजयी आशीर्वाद भी दिया।

लोगों से मिले अपार समर्थन से भाव विभोर कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने कहा कि आज जिस प्रकार से लोगों ने उनके प्रति प्यार व सम्मान दिखाया है वह उसे जीवन भर भुला नहीं सकते। उन्होंने कहा कि यह चुनाव तिगांव क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है। आपकी मेहनत, निष्ठा, और समर्पण ने मुझे यकीन दिलाया है कि 5 अक्टूबर को तिगांव की जनता अपने उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस का साथ देकर बदलाव की कहानी लिखने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल राजनीति का नहीं, बल्कि हर परिवार के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का है। हमसब मिलकर तिगांव क्षेत्र के गांव देहात, शहर व कॉलोनियों का विकास और खुशहाली की नई राह पर ले जाएंगे। उन्होंने लोगों को भावनात्मक जोडते हुए कहा कि आपका विश्वास मेरी सबसे बड़ी शक्ति है।

अब समय आ गया है, जब आपको युवा शक्ति को चुनकर क्षेत्र में बदलाव लाना है क्योंकि पिछले 10 सालों में हमारे क्षेत्र की जो दुर्गति हुई है, वह आप सबसे छिपी नहीं है। भाजपा के राज में चारों ओर भ्रष्टाचार छाया रहा वहीं जाति-धर्म वर्ग विशेष की बात कर जुम्लेबाजी में लोगों की भावनाओं से खेल आपसी भाईचारे को बिगाडा गया है। इसलिए अब समय आ गया है,एक युवा को चुनकर विधानसभा में भेजें ताकि तिगांव क्षेत्र के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने लोगों से वादा किया कि मुझे दिया गया एक-एक वोट आपके क्षेत्र की खुशहाली व 36 बिरादरी व हर वर्ग के भाईचारे में सहायक होगा। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में एकतरफा कांग्रेस पार्टी की लहर चल रही है। कांग्रेस सरकार बनते ही तिगांव क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर बघेल समाज को सम्मान, विकास व रोजगार में देंगे बढ़ावा : रघुबीर तेवतिया

## बघेल समाज ने जनौली में बडी सभा का आयोजन कर कांग्रेस प्रत्याशी का दिया समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**पृथला।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया के चुनावी अभियान को आज उस समय बडा बल मिला जब पृथला क्षेत्र के बघेल समाज ने जनौली गांव में एक बडी सभा का आयोजन कर पृथला क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को खुलकर अपना समर्थन देते हुए चुनाव में विजयी आशीर्वाद दिया। इस विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित बघेल समाज के लोगों की ओर से अशोक कुमार मोहना, देवेन्द्र वकील, सतीश बघेल, जयप्रकाश बघेल, समय सिंह वकील व जीतराम फिरोजपुर, किशन बघेल बढ़राम, देवेन्द्र एडवोकेट डीग, पूरण लाल सागरपुर, पवन कुमार व गजेन्द्र बघेल ने पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया को पगडी बांधकर जहां अपने अपने समर्थन का ऐलान किया वहीं शेष बचे हुए दिनों में क्षेत्र में प्रचार व प्रसार में भी जुट जाने का आश्वान दिया। सभा में भारी भीड से गदगद पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने लोगों को भावनात्मक जोडते हुए कहा कि चुनावी समय में बघेल समाज ने जो अपना समर्थन देकर मुझे बडी राजनैतिक ताकत प्रदान की है वह उसका कर्ज कांग्रेस सरकार बनने पर बघेल समाज के सम्मान तथा विकास व रोजगार को बढावा देकर उतारने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान बता रही है कि बघेल समाज ने कांग्रेस को जिताने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश और उत्साह को बढ़ाते हुए एकजुट हो अपने आपको कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया बनकर चुनाव लड़ो। जिससे कि आने वाले समय में हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस की सरकार बन सके और पृथला क्षेत्र को फिर से विकास व रोजगार में प्रधानता दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित व पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा को वोट की ताकत से सबक सिखाने का सही समय आ गया है। क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडी ताकत होती है, इसलिए अपनी वोट की ताकत का एहसास कराओ। जिससे कि इन जुमलेबाजों को सबक सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा आम गरीब, किसान, मजदूर, कमेरे, दलित, पिछड़ों व युवा-महिला तथा बेरोजगारों के हितार्थ कार्य किए हैं। जबकि उसके उलट भाजपा के दस वर्ष के शासन में पृथला क्षेत्र की विकास व रोजगार के मामले में जो दुर्गति हुई है वह किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने लोगों को फिर से आश्वस्त किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर फिर से पृथला क्षेत्र को ईमानदारी, विकास व रोजगार देंगे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी रघुवीर तेवतिया ने आज कर्मचारी संघ, सोतई, मछगर, चंदावली, मुजेडी, मलबेरी काउंटी, रॉयल हाईटस व आगमन सोसायटी में आयोजित चुनावी सभाओं को भी संबोधित किया जहां उनका पगड़ी बांधकर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया।

## संपादकीय

# वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर भ्रांति फैलाना देशहित में नहीं




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

समाजवादी पार्टी का वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लट्ठा जैसा है। ऐसा लगता है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वन नेशन वन इलेक्शन में खामियां निकालने के लिये कोई गंभीर मुद्दा नहीं मिल रहा है। वन नेशन, वन इलेक्शन के खिलाफ अखिलेश की बयानबाजी हवा हवाई से अधिक कुछ नहीं हैं। वह किसी भी तरह से जनता में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। इसी लिये वह बेतुके संदेह व्यक्त कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि अखिलेश इस बिल का इस लिये विरोध कर रहे हैं क्योंकि वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार की मंशा है। अखिलेश की मंशा सियासी है इसलिये उनकी पार्टी में भी इसको लेकर फूट नजर आ रही है। अखिलेश से इत्तर समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने वन नेशन वन इलेक्शन का खुलकर समर्थन किया है। यह और बात है कि पार्टी ने रविदास मेहरोत्रा के बयान को उनकी निजी राय बता कर पल्ला झाड़ लिया है।

बात वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर अखिलेश के बिगड़े बोलों की कि जाये तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूछ रहे हैं, 'अगर 'वन नेशन, वन नेशन' सिद्धांत के रूप में है तो कृपया स्पष्ट किया जाए कि प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक के सभी ग्राम, टाउन, नगर निकायों के चुनाव भी साथ ही होंगे। यदि अखिलेश रिपोर्ट पढ़ लेते तो उन्हें मालूम रहता कि पहले चरण में लोकसभा व देश के सभी विधान सभाओं और दूसरे चरण में 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की सिफारिश की गई है। अखिलेश पूछ रहे हैं कि किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने पर क्या जनता की चुनी सरकार को वापस आने के लिए अगले आम चुनावों तक का इंतज़ार करना पड़ेगा या फिर पूरे देश में फिर से चुनाव होगा ?इसको लेकर भी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा गया है कि अगर किसी विधान सभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा,लेकिन कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा जिस दिन लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधान सभा बीच में भंग हो हाती है,तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिये ही कराया जायेगा। अखिलेश पूछ रहे हैं वन नेशन वन इलेक्शन योजना चुनावों का निजीकरण करके परिणाम बदलने की तो नहीं है? ऐसी आशंका इसलिए जन्म ले रही है क्योंकि कल को सरकार ये कहेगी कि इतने बड़े स्तर पर चुनाव कराने के लिए उसके पास मानवीय व अन्य जरूरी संसाधन ही नहीं हैं, इसीलिए हम चुनाव कराने का काम भी (अपने लोगों को) ठेके पर दे रहे हैं। यह भी हास्यास्पद है।

ऐसा नहीं है कि कभी लोकसभा और विधान सभा के चुनाव साथ हुए ही नहीं हैं। 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ होते थे। उसके बाद में 1999 में लॉ कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में ये सिफ़ारिश की थी देश में चुनाव एक साथ होने चाहिए, जिससे देश में विकास कार्य चलते रहें। वन नेशन, वन इलेक्शन कोई आज की बात नहीं है. इसकी कोशिश 1983 से ही शुरू हो गई थी और तब इंदिरा गांधी ने इसे अस्वीकार कर दिया था। ये कहा जा रहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने का अंततः सबसे अधिक फ़ायदा बीजेपी और कांग्रेस जैसी बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों को होगा और छोटी पार्टियों के लिए एक साथ कई राज्यों में स्थानीय और लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान चलाना कठिन हो सकता है।

बहरहाल, कांग्रेस कह चुकी है कि वो एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का कड़ा विरोध करती है और इस विचार पर काम नहीं करना चाहिए। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने हाई लेवल कमेटी के आगे पूरी तरह से वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध नहीं किया था लेकिन उसने इसको लेकर चिंता जताई। पार्टी प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट की मंज़ूरी पर हमारी पार्टी का स्टैंड सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना ज़रूरी है।

# सिख समाज ने दिया नगेंद्र भड़ाना को अपना समर्थन



धौज गांव में समर्थकों के संग नागेन्द्र भड़ाना: फोटो ओमप्रकाश पंचाल



सिख समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नागेन्द्र भड़ाना, जगजीत कौर पन्नू व अन्य: फोटो ओमप्रकाश पंचाल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से बसपा-इनेलो के संयुक्त प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना को विभिन्न नेताओं व विभिन्न समाजों का समर्थन मिलने का सिलसिला जारी है। जनसमर्थन अभियान के दौरान नगेंद्र भड़ाना को रामगढ़िया सोसायटी, कश्यप समाज, गुरुद्वारा कलगीदर सभा, जट सिख सभा, समस्त पंजाबी कालोनी सरदारी सहित प्रजापति समाज ने भी एक स्वर में अपना समर्थन देने की घोषणा की है। नगेंद्र भड़ाना द्वारा एनआईटी विधानसभा के सेक्टर-52, गौंछी, जीवन नगर, नंगला रोड, जवाहर कालोनी, गुरुद्वारा रोड, साठ फुट रोड व सारन गांव में किए गए अपने जनसंपर्क अभियानों के दौरान उक्त समाजों ने नगेंद्र भड़ाना को अपना समर्थन देने की घोषणा की। जवाहर कालोनी गुरुद्वारा रोड पर जट सिख समाज द्वारा आयोजित समर्थन सभा में बोलते हुए नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि सिख समाज ने जो सम्मान सूचक पगड़ी पहनाकर मेरा सम्मान किया है मैं सिख समाज की इस पगड़ी पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। कार्यक्रम में इनेलो की महिला प्रधान जगजीत कौर पन्नू ने कहा कि कांग्रेस भाजपा दोनों पार्टी ही सिख समाज की विरोधी है तथा कांग्रेस पार्टी व भाजपा पार्टी सिख समाज का उत्पीडन व अपमान किया है, जिसे सिख समाज कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि अब सिख समाज बसपा-इनेलो गठबंधन की तरफ देख रहा है तथा आगामी विधानसभा चुनावों में सिख समाज की सभी वोटें बसपा-इनेलो गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह ह्चश्मे पर जाएगी। उक्त कार्यक्रम में इनेलो जिला प्रधान जगजीत कौर पन्नू, हल्का सरदार कुलदीप सिंह, पूर्व पार्षद गजेंद्र पाल, सरदार आत्मा सिंह, स सतपाल सिंह, स लैंबर सिंह, स चरणजीत सिंह चन्नी, स मंगल सिंह, स सुखदेव सिंह, स जोगा सिंह, स बलजीत सिंह, स गुरप्रीत सिंह, प्रजापति समाज से विजय सिंह गोला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को कमजोर कहकर भाजपा प्रत्याशी ने किया मातृशक्ति का अपमान : ललित नागर



## पंचायती उम्मीदवार का गांवों में हुआ भव्य स्वागत, लोगों ने दिया जीत का आशीर्वाद

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत खानपुर भूपानी, टिकावली, देहा, रायपुर, पलवली आदि गांवों में तूफानी दौरे करके सभाओं को संबोधित किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सभाओं में ललित नागर का ग्रामीणों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का भरोसा दिलाया। सभाओं को संबोधित करते हुए पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने कहा कि पिछले 10-12 दिनों से चुनावी अभियान के तहत उन्हें जिस प्रकार से छत्तीस बिरादरी के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, उससे उनके हौंसले पूरी तरह से बुलंद है। गांव हो या शहर हर जगह लोग उन्हें भरपूर प्यार व आशीर्वाद दे रहे है। उन्होंने लोगों से कहा कि वह अपने इस उत्साह को कम न होने दे और आने वाले दस दिन और लगातार मेहनत करें, जिससे कि तिगांव क्षेत्र में छत्तीस बिरादरी की जीत हो और एक नया कीर्तिमान यह क्षेत्र इतिहास में दर्ज करवाएं। इस दौरान ललित नागर ने भाजपा प्रत्याशी के उस बयान जिसमें उन्होंने कहा कि ह्यकमजोर औरते रोती हैहृ की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि महिला को कमजोर बोलकर भाजपा प्रत्याशी ने नारी शक्ति का अपमान किया है वह अपने इन शब्दों के लिए माफी मांगे, क्योंकि जो मां अपनी कोख से बच्चे को जन्म देती है वह मातृशक्ति कमजोर नहीं है बल्कि कमजोर है तो वह भाजपा प्रत्याशी है, जो अहंकार में आकर नारी शक्ति का अपमान कर रहे है, ऐसे अहंकारी भाजपा प्रत्याशी को आगामी पांच अक्टूबर को समूचे तिगांव क्षेत्र की नारी शक्ति अपने वोट की चोट से जवाब देकर उसका अहंकार तोड़ने का काम करें। श्री नागर ने कहा कि आप मुझे मत रुपी आशीर्वाद दे दो, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं जीतने के बाद प्रदेश में चाहे किसी की सरकार बने, हम उसे समर्थन इस शर्त पर देंगे कि वह हमारे तिगांव क्षेत्र का समुचित विकास करेगा।

# भाजपा को झटका, जैजू ठाकुर, दीन दयाल गौतम, राव महेंद्र हुए कांग्रेस में शामिल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विस क्षेत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू ठाकुर (जैजू) ने अपने समर्थकों सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। ओल्ड फरीदाबाद स्थित कांग्रेस कार्यालय में भाजपा में शामिल हुए जैजू ठाकुर, दलित नेता दीन दयाल गौतम, पूर्व पार्षद राव महेंद्र व अन्य लोगों का कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में उन्हें पूरा मान सम्मान दिलाया जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लखन सिंगला ने कहा कि आज भाजपा पार्टी में भगदड़ सी मची हुई है और पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल रही है, पांच अक्टूबर आएगी, भाजपा जाएगी और कांग्रेस सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सभी कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा और सभी को साथ लेकर फरीदाबाद क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। वहीं कांग्रेस में शामिल हुए जैजू ठाकुर ने कहा कि वह 22 सालों से भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही के रुप में काम कर रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में भाजपा से भीतरघात करने वाले नेताओं को पार्टी ने विधानसभा में उम्मीदवार बनाकर उतार दिया, जबकि फरीदाबाद की नौ सीटों में से किसी भी राजपूत समाज को टिकट नहीं दिया। पार्टी के इस निर्णय से वह बहुत आहत हुए और इसलिए वह आज अपने समर्थकों सहित भाजपा से दूर हो गए।

वहीं दीन दयाल गौतम और पूर्व पार्षद राव महेंद्र ने कहा कि लखन सिंगला छत्तीस बिरादरी का सम्मान करते है और पिछले तीस सालों से एक लायक बेटे की तरह इस क्षेत्र की सेवा कर रहे है इसलिए अब वह कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला के समर्थन में घर-घर वोट मांगेंगे और लखन सिंगला को यहां से भारी मतों से विजयी बनाकर भेजेंगे।

# आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता को समर्थन देने उमड़ा पंजाबियों का सैलाब



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** शहर फरीदाबाद के आप प्रत्याशी प्र्रवेश मेहता की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रोजाना उनको समर्थन देने के लिए अनेकों समाज कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। बीते रविवार रात भी राजा गार्डन गुरूद्वारा रोड़ के पास उनके पक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पंजाबियों का ऐसा सैलाब उमड़ा जिसने विरोधी उम्मीदवारों को भी परेशानी में डाल दिया। जैसे ही प्रवेश मेहता मंच पर पहुंचे चारों और प्रवेश मेहता जिन्दाबाद,आम आदमी पार्टी जिन्दाबाद के नारे गूजनें लगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवेश मेहता ने कहा कि दलितों व पिछड़ों का उत्पीडन, दमन, शोषण भाजपा की पहचान बना है। उन्होनें कहा कि मेरे सामने दो बड़े पैसे वाले उम्मीदवार खड़े है ,लेकिन आप मेरी ताकत हो जो उनके पैसे के गरूर को अपना एक एक वोट मेरे पक्ष में देकर तोड़ सकते हो। प्रवेश मेहता ने कहा कि शहर को यदि विकास के रास्ते पर ले जाना है और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को देखना है तो आम आदमी पार्टी को वोट दो जो आपको चिकित्सा और शिक्षा दिल्ली की तर्ज पर देगी। उन्होनें कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में पहुंचकर आपने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया है उसका में जिन्दगी भर ऋणी रहूगां।

# घर से लापता युवती अहमदाबाद गुजरात में मिली

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट की टीम ने घर से लापता लड़की को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। थाना खेडीपुल में 07 सितम्बर को लडकी के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाश की जा रही थी। अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यम से लडकी का कर्मभूमि सोसायटी कैलाश नगर हाटकेश्वर अहमदाबाद गुजरात का पता लगया। जहां से लडकी को तलाश कर फरीदाबाद लाया गया। लडकी ने बताया कि वह अपने घर से किसी बात से नाराज होकर निकल गई थी। लडकी को पूछताछ के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

# जिला बार एसो. ने दिया कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला को अपना समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिला बार एसो. ने फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला के सम्मान में सेक्टर-12 बार एसो. के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पहुंचे कांगे्रस प्रत्याशी लखन सिंगला का एसो. के महासचिव पवन पाराशर व अन्य सदस्यों ने फूलों का बुक्के भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने जिला बार एसो. द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश बदलाव की ओर चल पड़ा है, दस साल पहले भी एक बदलाव हुआ था और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी, लेकिन इस सरकार ने दस सालों में महंगाई व भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया, लोग इस सरकार से अब तंग आ चुके है और इसे सत्ताविहिन करने का मन बना चुके है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य किए जाएंगे। श्री सिंगला ने उदाहरण देते हुए कहा कि यह जिस बिल्डिंग में वह खड़े है, यह बिल्डिंग भी कांग्रेस सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काम करने में विश्वास करती है और सभी को साथ लेकर फरीदाबाद में विकास की नई इबादत लिखने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर बार एसो. के महासचिव पवन पाराशर, पूर्व प्रधान केपी तेवतिया, कुंवर बालू सिंह, संजीव चौधरी व अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि लखन सिंगला पिछले तीस सालों से इस क्षेत्र की एक लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है, लोगों के सुख-दुख में भागेदारी निभाना हो या फिर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर धरने प्रदर्शन करने हो, उन्होंने मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जन-जन की आवाज को बुलंद किया है, इसलिए बार एसो. उन्हें समर्थन देते हुए उनकी जीत की कामना करती है। इस दौरान कंवर नरेंद्र सिंह, रवि प्रकाश शर्मा, रचित गोयल, हेमराज कपासिया, नकुल चपराना, बाबी रावत, दीपक रावत, ओमबीर धनखड़, जगन डागर, वासदेव अरोड़ा, गोल्डी बरेजा, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, वेदपाल दायमा, संचित कोहली, राजेश आर्य सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा को जिताएं, रही बची कसर पूरी कर दूंगा: राजेश नागर



## तिगांव विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर का हरकेश कॉलोनी तिलपत गांव में जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर का हरकेश नगर तिलपत गांव में बड़ी संख्या में जुटी जनता ने स्वागत किया। यहां लोगों ने नागर को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इसके अलावा भी दर्जन भर स्थानों पर जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा की सरकार बनाने के लिए उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि मैंने पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से तिगांव में बड़े विकास कार्य करवाए हैं जिसके आप सभी गवाह हैं। जहां कहीं भी जो कमी रह गई है, उसे इस बार पूरा कर दूंगा। नागर ने कहा कि आपको किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं रहने दूंगा। राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है, आप लोग गलती से भी विपक्ष का विधायक मत चुन लेना। अपने क्षेत्र में आज इतना विकास हुआ है तो इसके पीछे डबल इंजन की सरकार है जो आपने चुनी थी। भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने आज सेक्टर 37, सेक्टर 35, बेला गांव, मवई गांव, पुरी प्राणायाम, चेतन मार्केट पल्ला रोड, ओम एन्क्लेव, सूर्य विहार पार्ट 2, एलाइट फ्लोर सेक्टर 77, गै्रंडूरा टॉवर सेक्टर 85 में लोगों के साथ जनसंपर्क किया। नागर ने कहा कि मुझे पूरे तिगांव क्षेत्र में जनता का भरपूर प्रेम और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। लोग भाजपा की जनहित की नीतियों को पसंद करते हैं और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस अवसर पर पुष्कर सरपंच, प्रहलाद शर्मा, रॉकी राजपूत, प्रेम सिंह चौहान, रवि शंकर, अभिजीत, ऋषभ, पवन, बुधराम शास्त्री, पंडित नारायण, पं कृष्ण शर्मा, पं बासुदेव भारद्वाज, पं जयपाल, डॉ दिनेश, पं हरीराम, ओमदत्त शर्मा, नीरज शर्मा, प्रवेश भारद्वाज, लेखराम शर्मा, कल्लू पंडित, भूपेंद्र, अखिलेश, आजाद, विकास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# आप नेता संजय सिंह ने आरएसएस-बीजेपी पर बोला हमला, पूछा- इतना सन्नाटा क्यों है भाई?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे जाने के बाद से आरएसएस और भाजपा दोनों की ओर से चुप्पी साधी गई है। उन्होंने तंज कसते हुए एके हंगल के संवाद को याद किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये इतना सन्नाटा क्यों है भाई? सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जो सवाल पूछे हैं, उनका जवाब देश का हर व्यक्ति सुनना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी और आरएसएस जानते हैं कि सवाल सच हैं और उनकी चुप्पी साबित करती है कि केजरीवाल सही हैं।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के 5 सवालों से आरएसएस और बीजेपी में पसर गया सन्नाटा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी ने आरएसएस और उनके प्रमुख मोहन भागवत जी से पांच सवाल पूछे। इसके बाद से आरएसएस और भाजपा के अंदर सन्नाटा पसरा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह खामोशी बता रही है कि अरविंद केजरीवाल जी के सवालों में सच्चाई है और इन सवालों के जवाब पूरा देश चाहता है लेकिन आरएसएस और भाजपा वाले इनके जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

संजय सिंह ने कहा कि लोग चपरासी की नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होते, फिर भी केजरीवाल ने केवल 49 दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि यह सिद्धांतों का मामला था। वह जेल से बाहर आए और पद छोड़ दिया क्योंकि यह ईमानदारी का मामला था। आप नेता ने नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी 75 साल की उम्र में भी प्रधानमंत्री पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। केजरीवाल ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से सवाल किया कि क्या वह भारतीय जनता पार्टी की ÷पार्टियों को तोड़ने और विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करने÷ की राजनीति से सहमत है।




## मां के तबादले के लिये रक्षा मंत्री के पास पहुंचा छात्र



नई दिल्ली। राजस्थान की राजधानी जयपुर का एक छात्र अपनी मां के तबादले को लेकर सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पास पहुंच गया। रक्षा मंत्री यहां एक कार्यक्रम के बाद रवाना होने के लिये अपने वाहन की ओर जा रहे थे तभी अचानक एक छात्र उनकी ओर बढ़ा हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ कर दूर कर दिया। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो गया। छात्र के अनुसार उसने अपनी मां (अध्यापक) के तबादले के लिये एक पत्र राजनाथ सिंह को बाद में सौंपा। हालांकि, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस घटना के बारे में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन स्कूल परिसर में निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मोड पर सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने आये थे।

## दिल्ली की अदालत ने आईएम संस्थापक यासीन भटकल की हिरासत पैरोल की याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के आरोपी इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के संस्थापक यासीन भटकल की हिरासत पैरोल के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद भटकल ने अपनी बीमार मां से मिलने के लिए हिरासत पैरोल का अनुरोध किया है। भटकल ने दावा किया है कि हाल ही में उसकी मां की हृदय संबंधी सर्जरी हुई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ को मंगलवार तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। भटकल आतंकवाद के कई मामलों में आरोपी है, जिसमें 2012 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का मामला और सितंबर 2008 में दिल्ली में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़ा मामला शामिल है। इन धमाकों में 26 लोगों की मौत गई थी और 135 लोग घायल हुए थे।

## दिल्ली भाजपा ने ‘जनता का मुद्दा विधानसभा में’ अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पाटी (भाजपा) ने 26 सितंबर से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र में लोगों की शिकायतों और मुद्दों को उठाने के लिए सोमवार को ‘जनता का मुद्दा विधानसभा में’ अभियान शुरू किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस में अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्चे बांटेंगे और प्रदूषित पानी की आपूर्ति, बढ़े हुए बिजली बिल, जलनिकासी और जलभराव आदि के बारे में लोगों की शिकायतें दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, ‘‘भाजपा कार्यकर्ता शहर भर में घर-घर जाएंगे। लोगों द्वारा उठाए गए मुद्दों को पार्टी विधायकों द्वारा आप सरकार से सवाल पूछकर दिल्ली विधानसभा में पेश किया जाएगा।’’ इस अवसर पर विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता और अन्य पार्टी विधायकों सहित भाजपा के कई नेता उपस्थित थे।

## दिल्ली कोचिंग मौत : अदालत ने राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ, समन्वयक को अंतरिम जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक गुप्ता और इसके समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही रकम की दो जमानत राशि पर राहत प्रदान की। न्यायाधीश ने गुप्ता को 30 नवंबर तक रेड क्रॉस सोसाइटी के पास 2.5 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश भी दिया और कहा कि परिसर के लीज समझौते के अनुसार, आरोपी अकेले ही संस्थान का पट्टेदार और सीईओ है, इसलिए वह किसी भी क्षति के दावे और किसी भी व्यक्ति या सामग्री को हुए नुकसान के लिए जिम्मेदार होगा। न्यायाधीश ने कहा कि गुप्ता और सिंह क्रमशः राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ और समन्वयक थे और इसके मामलों पर उनका नियंत्रण था।

## डीयू के छात्र के साथ मारपीट, हाथापाई में पगड़ी उतारी गई

नई दिल्ली, । दिल्ली के एक कॉलेज में छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प में एक सिख छात्र के साथ मारपीट के बाद उसकी पगड़ी उतार दी गयी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर ‘वायरल’ हो रहा है। यह घटना शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्री तेग बहादुर खालसा कॉलेज में हुई जहां 27 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव होने हैं। घटना के कथित वीडियो में लाल पगड़ी पहने एक छात्र को घसीटा जा रहा है और उसकी पगड़ी के जमीन पर गिरने तक उसके साथ मारपीट की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मौरिस नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, द्वितीय वर्ष के छात्र पवित्र सिंह गुजराल ने बताया कि डूसू चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान उस पर हमला किया गया।सिंह ने प्राथमिकी में कहा, ‘‘उन्होंने जबरन मेरी पगड़ी उतार दी, मुझे पीटा और मेरे केश खींचे। मुझ पर समूह ने हमला किया और मैं कॉलेज में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मेरी जान को खतरा है।’’ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

## एमपॉक्स के मरीज को दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल से छुट्टी मिली : अधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक नायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में भर्ती एमपॉक्स के एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। मरीज को शनिवार को छुट्टी दे दी गई। हरियाणा के हिसार का रहने वाला 26 वर्षीय मरीज करीब 12 दिन तक अस्पताल में एमपॉक्स मामलों के लिए बने आपदा वार्ड में भर्ती था। मरीज को आठ सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और चिकित्सकों ने नौ सितंबर को उसमें रोग की पुष्टि की थी।अस्पताल के एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि ‘‘एमपॉक्स के एकमात्र मरीज को 21 सितंबर को छुट्टी दे दी गई।’’ अस्पताल में 20 पृथक-कक्ष हैं जिनमें से 10 एमपॉक्स के संदिग्ध मामलों के लिए और शेष उन मरीजों के लिए हैं जिनमें एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल और बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल में एमपॉक्स के संदिग्ध रोगियों और जिनमें रोग की पुष्टि हुई है, उनके लिए पांच-पांच कमरे निर्धारित किए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एमपॉक्स वायरस की मौजूदगी और दूसरी बार अफ्रीका के कई हिस्सों में वायरस के प्रसार के मद्देनजर पिछले महीने एमपॉक्स को ‘अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल’ (पीएचईआईसी) घोषित किया था।

# भाजपा ने नया कैंपेंन ‘जनता का मुद्दा असेंबली में’ किया लॉन्च, लोगों से मांगी राय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने सोमवार को 26 सितंबर से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र में लोगों की शिकायतों और मुद्दों को उठाने के लिए ‘जनता का मुद्दा विधानसभा में’ अभियान शुरू किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस में अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्चे बांटेंगे और प्रदूषित पानी की आपूर्ति, बढ़े हुए बिजली बिल, जल निकासी और जलभराव आदि के बारे में लोगों की शिकायतें दर्ज करेंगे।



सचदेवा ने घोषणा की कि पार्टी कार्यकर्ता पर्चे बांटेंगे और प्रदूषित जल आपूर्ति, बढ़े हुए बिजली बिल और जल निकासी की समस्याओं जैसे मुद्दों के बारे में निवासियों से शिकायतें एकत्र करेंगे। सचदेवा ने कहा, ‘भाजपा कार्यकर्ता पूरे शहर में घर-घर जाकर अभियान चलाएंगे। एकत्र किए गए मुद्दों को दिल्ली विधानसभा में पेश किया जाएगा, जहां पार्टी विधायक आप सरकार से सवाल करेंगे।’ कार्यक्रम में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और पार्टी के अन्य विधायकों जैसे प्रमुख नेता शामिल हुए।

‘आतिशी सरकार केजरीवाल की रिमोट कंट्रोल’: वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के बगल में खाली कुर्सी रखे जाने और केजरीवाल की भगवान राम से तुलना करने पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, ‘यह तो पहले क्षण से स्पष्ट था की आतिशी सरकार पूरी तरह अरविंद केजरीवाल के रिमोट कंट्रोल से चलेगी, पर यह नहीं पता था कि चाटुकारिता की सरकार बन जायेगी पर आज यह भी दिख गया।’

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है, ‘इस तरह मुख्यमंत्री की मेज पर दो कुर्सी रखना संवैधानिक व्यवस्था, प्रशासनिक नियम एवं मुख्यमंत्री पद का अपमान है। आतिशी समझ लें यह कोई आदर्श का पालन नहीं है। सीधी स्पष्ट भाषा में चमचागिरी है। अपनी इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है।’ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा है कि वह दिल्ली वालों को जवाब दें की क्या इस तरह के रिमोट कंट्रोल से दिल्ली सरकार चलायेंगे आप?

## 25 सितंबर को ‘विंटर एक्शन प्लान’ लॉन्च करेगी ‘आप’ सरकार : गोपाल राय

नई दिल्ली। दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री आतिशी के कार्यभार संभालते ही आम आदमी पार्टी की सरकार प्रशासनिक कार्यों में जुट गई है। सोमवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक मीडिया संस्थान से बातचीत के दौरान बताया कि 25 सितंबर तक सरकार ‘विंटर एक्शन प्लान’ लॉन्च करेगी। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बताया कि आतिशी ने विशेष परिस्थियों में दिल्ली का कार्यभार संभाला है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में जो काम दिल्ली की बेहतरी के लिए चल रहा था, अब उनको पूरा करना हमारा दायित्व है। हमारी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करना है। सरकार पहले से इसकी तैयारी कर रही है। इस समस्या को लेकर हमने एक्सपर्ट और सभी अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। सभी जगहों से ‘विंटर एक्शन प्लान’ को लेकर रिपोर्ट आ गई है। गोपाल राय ने बताया कि हम 27 सितंबर को ‘विंटर एक्शन प्लान’ लॉन्च करने की तैयारी में थे। लेकिन, 26 और 27 सितंबर को दिल्ली विधानसभा का सत्र होने जा रहा है। इसलिए हम अब 25 सितंबर को इसे लॉन्च करेंगे। आतिशी ने मुख्यमंत्री का पदभार संभाला, लेकिन वो कुर्सी पर नहीं बैठीं और कहा कि वो भरत की तरह दिल्ली का सरकार चलाएंगी। इस पर मंत्री गोपाल राय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सबको पता है कि आतिशी ने किन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है। हम सभी चुनाव तक टीम की तरह दिल्ली की बेहतरी के लिए काम करेंगे। बता दें कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। खुद को भरत बताते हुए दावा किया है कि श्री राम इस पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। नई सीएम के लिए आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ‘श्री राम’ हैं। मीडिया से रूबरू दिल्ली की सीएम ने कहा, पिता के एक वचन के खातिर जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे, तो भरत को अयोध्या का कार्यभार संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभाली और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली की सरकार चलाउंगी।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने केजरीवाल पर बोला हमला, कहा- लोगों को करते हैं कंफ्यूज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद से सियासत गर्म है। भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने है। इसी कड़ी में सोमवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल कंफ्यूज कर रहे हैं। बेल मिलते ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन किया और पटाखे छोड़ दिए। उनको बेल ही मिली है। आरोप मुक्त थोड़े हुए हैं।

अर्जुन राम मेघवाल सोमवार को दिल्ली के तुगलकाबाद में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल हेल्थ चेकअप कैंप की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंदर लोगों के सुविधा के लिए मोबाइल वैन की शुरुआत की गई है। इसकी शुरुआत पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने की है। यह सेवा का अच्छा काम है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के सवाल पर कहा कि वह लोगों को कंफ्यूज करते हैं। उन्होंने पहले बोला था की गाड़ी नहीं लूंगा और बड़ी गाड़ी ले ली। बोला था घर नहीं लूंगा, घर ले लिया। वो कंफ्यूज कर रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद विवाद पर बोला कि उसकी जांच चल रही है।

सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त मोबाइल वैन का उद्घाटनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा 15 दिनों तक चला रहे हैं। इसी कड़ी में तुगलकाबाद में सभी आधुनिक



सुविधाओं से युक्त मोबाइल वैन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि मोबाइल वैन में तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। इसमें एमबीबीएस डॉक्टर हैं और यह वातानुकूलित है। इसमें दवाइयां के साथ ही ब्लड टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं।

## मानहानि मामले में मुख्यमंत्री आतिशी और अरविंद केजरीवाल को समन

नई दिल्ली। भाजपा नेता राजीव बब्बर द्वारा दाखिल मानहानि मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को समन किया है। अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एसीएमएम) तान्या बाम्नियाल ने दोनों नेताओं को तीन अक्तूबर को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। राजीव बब्बर ने केजरीवाल के चुनाव के दौरान दिए गए बयान जिसमें उन्होंने अग्रवाल समाज का नाम वोटिंग लिस्ट में से काटने की बात कही थी, को लेकर मानहानि का मामला दर्ज कराया था। राउज एवेन्यू स्थित एसीएमएम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने सोमवार को बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने की मांग वाली केजरीवाल और अन्य की याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व अन्य को तीन अक्तूबर को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। वर्ष 2022 में हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्रवाई को अग्रिम आदेश तक बंद करने के आदेश दिए थे। हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा मामला खारिज किए जाने पर अदालत ने अपनी सुनवाई दोबारा शुरू की है।

## भगवान राम से केजरीवाल की तुलना महापाप, आप की बुद्धि भ्रष्ट : कांग्रेस

नई दिल्ली। आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की कुर्सी के बगल में एक नई और छोटी कुर्सी लगाई है। आतिशी के कुर्सी वाले निर्णय को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही हमलावर नजर आ रही हैं। सोमवार को दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केजरीवाल की तुलना भगवान राम से किए जाने पर भी आतिशी पर जमकर जुबानी हमला बोला और कहा कि भगवान राम से अरविंद केजरीवाल की तुलना महापाप है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि आज मेरे मन वही व्यथा है जो भगवान राम के वनवास के बाद भरत के अंदर थी। आतिशी ने कहा कि जिस तरह भरत ने 14 सालों तक भगवान राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला, उसी तरह से आने वाले चार महीने के लिए मैं दिल्ली का शासन चलाऊंगी। आतिशी के इस बयान को लेकर कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भगवान राम से केजरीवाल की तुलना महापाप है। दिल्ली की सीएम आतिशी के कुर्सी वाले फैसले पर भाजपा पहले ही हमलावर नजर आ रही है। अब कांग्रेस ने भी भाजपा के सुर में सुर मिलाते हुए आम आदमी पार्टी और आतिशी को निशाने पर लिया है। आतिशी द्वारा ‘केजरीवाल की कुर्सी‘ ’ खाली छोड़ने और उनकी तुलना भगवान राम से करने को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोशल मीडिया साइट ‘एक्स’ पर पोस्ट करते हुए कहा, ‘जब नाश मनुज पर छाता है, सबसे पहले विवेक मर जाता है! हार सामने देख कर आप की बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तुलना जेल से बेल पर बाहर आये शराब घोटाले के आरोपी से करना महापाप है। अब आप कुछ दिनों के हैं मेहमान, दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि आप की नीयत में खोट है, आप के मुँह से अच्छा नहीं लगता प्रभु राम का नाम!’

# यह संविधान को कलंकित करने वाला दृश्य, सीएम आतिशी के बगल में खाली कुर्सी छोड़ने पर बोले वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। हालांकि, आतिशी ने सीएम ऑफिस में वह कुर्सी खाली रखी है जिस पर अरविंद केजरीवाल बैठते थे। केजरीवाल की तुलना भगवान राम से करते हुए आतिशी ने कहा है कि वह भरत की तरह सरकार चलाएंगी। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इसे संविधान को कलंकित करने वाला दृश्य बताया है।

सचदेवा ने बताया कि आज जो दृश्य देखने को मिला, वह संविधान को कलंकित करने वाला है। संविधान के नियमों के तहत कुछ नियमों, कुछ कानूनों का पालन करना होता है। लेकिन, आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली की छवि को कलंकित करने का काम किया है। अगर यही सब ड्रामा करना था तो शपथ लेने की जरूरत नहीं थी। वह जमानत पर छूटे एक भ्रष्ट व्यक्ति पर ईमानदारी का टैग लगाना चाहती हैं, जो संभव नहीं है। आप जो ड्रामा कर रहे हैं, वह गलत है। उन्होंने कहा, ÷आजकल दिल्ली में हर जगह रामलीला चल रही है। मैं लोगों से कहूंगा कि अगर दिल्ली में कहीं भी भ्रष्टाचार की रामलीला चल रही है, तो इन लोगों को बुलाओ।÷

सीएम आतिशी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आप सरकार क्यों चलाते हो, आप पहले दिन ड्रामा कर रहे हो, आपको बताना चाहिए था कि दिल्ली में बढ़ी हुई बिजली की कीमतें कैसे कम होगी, लोगों को शुद्ध पानी कैसे मिलेगा, दिल्ली की समस्याएं कब सुधरेगी, दिल्ली के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है उसे आप कैसे ठीक करोगे, नालों की सफाई नहीं हो रही है उसे आप कैसे ठीक करोगे, स्वास्थ्य विभाग में लोगों को कैसे परमानेंट करोगे। इन सब मुद्दों पर बात ना करके आप सिर्फ दिल्ली के लोगों को लूटना चाहते हो, उन्हें ठगना चाहते हो और इस तरह का ड्रामा दिखाकर आतिशी दिल्ली के लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। इधर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आतिशी की फोटो शेयर करते हुए लिखा,‘दिल्ली में ये ड्रामा बंद होना चाहिए। आज आतिशी मार्लेना ने अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखकर पदभार संभाला। यानी आतिशी दिल्ली सरकार की मनमोहन सिंह हैं और असली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने फाइल साइन करना तो दूर, दिल्ली सचिवालय जाने से भी रोक दिया है। ये बाबा साहेब के बनाए संविधान का मखौल है। मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ मार्लेना ने ली है, खाली कुर्सी पर बैठे केजरीवाल के भूत ने नहीं।’

इससे पहले आतिशी ने एक्स पोस्ट पर सीएम पद संभालने के बाद लिखा, ‘आज मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली है। आज मेरे मन में वो ही व्यथा है जो भरत के मन में थी जब उनके बड़े भाई भगवान श्री राम 14 साल के वनवास पर गए थे, और भरत को अयोध्या का शासन संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला, वैसे ही मैं 4 महीने दिल्ली की सरकार चलाऊंगी।’

# सीएमआतिशी के बगल में खाली कुर्सी पर भड़की बीजेपी, कहा- दिल्ली में मनमोहन-सोनिया मॉडल, यह चमचागिरी है

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हालांकि, वह एक अलग कुर्सी पर बैठीं, जिससे उनकी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सीट खाली रही। इस दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की कुर्सी है। उन्होंने कहा कि मैंने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है और इस जिम्मेदारी को स्वीकार किया है।% मेरी भावनाएं आज भरत के जैसी ही हैं जब भगवान राम 14 वर्ष के लिए वनवास गए थे और भरत को अयोध्या का शासन संभालना पड़ा था।

हालांकि, आतिशी के इस कदम से भाजपा पर उनपर निशाना साधने का बड़ा मौका मिल गया है। भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संविधान - नियम एवं मुख्यमंत्री पद का अपमान है इस तरह मुख्यमंत्री की मेज़ पर दो कुर्सी रखना। उन्होंने कहा कि आतिशी यह कोई आदर्श पालन नहीं है, सीधी स्पष्ट भाषा में चमचागिरी है। अपनी इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। अरविंद केजरीवाल जवाब दें-क्या इस तरह के रिमोट कंट्रोल से दिल्ली सरकार चलायेंगे आप ?

बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि आतिशी और अरविंद केजरीवाल लालू-राबड़ी मॉडल और मनमोहन-सोनिया मॉडल की तरह सरकार चलाना चाहते हैं। वे भ्रष्ट सरकार चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता उनसे सवाल पूछ रही है कि एक रबर स्टांप या कठपुतली सीएम को क्यों सीएम बनाया जाता है? यह दिल्ली की जनता बनाम आप हो गया है। आतिशी और केजरीवाल दिल्ली के लोगों से इतनी नफरत करते हैं कि वे उन्हें एक अस्थायी सीएम नहीं बल्कि एक कठपुतली सीएम दे सकते हैं।

आतिशी मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अलग कुर्सी पर बैठीं। नए मंत्रिमंडल में आतिशी के बाद सबसे अधिक आठ विभाग सौरभ भारद्वाज के पास हैं जिनमें स्वास्थ्य, पर्यटन, कला और संस्कृति शामिल हैं। मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल हुए मुकेश अहलावत के पास श्रम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, रोजगार और भूमि व भवन विभाग हैं। गोपाल राय को विकास, सामान्य प्रशासन, पर्यावरण और वन विभाग दिया गया है जो उनके पास केजरीवाल सरकार में पहले भी थे। परिवहन, गृह, प्रशासनिक सुधार, महिला एवं बाल विकास विभाग कैलाश गहलोत के पास बरकरार हैं। आतिशी की अगुवाई वाले नए मंत्रिमंडल के सामने फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में शुरू की जाने वाली कई परियोजनाएं, योजनाएं तथा नयी पहलों की लंबी सूची है।



# एप्पल के उत्पादों में पाई गई कई खामियां, सरकार ने जारी किया अलर्ट



**नई दिल्ली ।**

टेक दिग्गज कंपनी एप्पल द्वारा बहुप्रतीक्षित आईफोन 16 सीरीज लॉन्च करने के कुछ ही दिनों बाद, भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने एप्पल के विभिन्न उत्पादों में पाई गई कई कमजोरियों को लेकर हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत साइबर सिक्योरिटी की निगरानी करने वाली संस्था सीआईआरटी-इन ने चेतावनी दी है कि इन कमजोरियों का उपयोग हैकर्स द्वारा न केवल संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है, बल्कि इसके जरिए वे टारगेट किए गए डिवाइस पर मनमाना कोड रन कर सकते हैं, सुरक्षा प्रतिबंधों को बाईपास कर सकते हैं, डिनायल ऑफ सर्विस जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं, ऑथेंटिकेशन फीचर्स को छका कर पिछले दरवाजे से डिवाइस का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, एडवांस विशेषाधिकार प्राप्त कर सकते हैं और लक्षित सिस्टम पर स्पूफिंग हमले कर सकते हैं। सीईआरटी-इन का कहना है कि इन कमजोरियों को एप्पल द्वारा जारी लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट में ठीक कर दिया गया है। एडवाइजरी में आईओएस, आईपेडओएस, मेओएस, टीवीओएस यूजर्स को सतर्क करते हुए सलाह दी गई है कि वे जोखिमों को कम करने के लिए अपने ऐपल डिवाइस पर लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट को तुरंत इंस्टॉल करें। साथ ही, यूजर्स को अपने डिवाइस पर किसी भी असामान्य गतिविधि पर नजर रखने और उचित साइबर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।

## अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने बना रही बैकअप प्लान




**नई दिल्ली ।**

अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान की तैयार कर रही है। इसी मकसद से कंपनी झारखंड के गोड्डा में अपने 1600 मेगावाट के थर्मल प्लांट, जो बांग्लादेश को अपनी पूरी उत्पादित बिजली की आपूर्ति करता है, को बिहार के लखीसराय में एक सबस्टेशन के माध्यम से भारतीय ग्रिड से जोड़ रहा है और इसके लिए कंपनी को मंजूरी मिल गई है। इस मामले में अडाणी पावर लिमिटेड ने कहा` कि यह कनेक्शन तभी चालू होगा जब इसकी सहायक कंपनी, अदानी पावर झारखंड लिमिटेड 130 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन पर अतिरिक्त बे का निर्माण करेगी। इस प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है। गोड्डा प्लांट से 30 किलोमीटर दूर बांका में एक करीबी सबस्टेशन के अंतरिम लिंक के जरिए भारतीय ग्रिड से जल्द कनेक्शन के लिए एपीजेएल के अनुरोध को नेशनल ट्रांसमिशन प्लानिंग अथॉरिटी, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 21 अगस्त को तकनीकी बाधाओं का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। बता दें कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के रूप में मोहम्मद यूनुस के शपथ लेने के दो दिन बाद, पावर मिनिस्ट्री ने 10 अगस्त को बांग्लादेश में उभरते भूराजनीतिक तनाव और बकाया भुगतान का हवाला देते हुए अडाणी पावर के गोड्डा प्लांट के लिए भारतीय ग्रिड से कनेक्टिविटी की सिफारिश की थी।

## यूरोपीय संघ के देशों में ईवी कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज




**नई दिल्ली ।**

बीते साल अगस्त 2023 में यूरोपीय संघ के देशों में कारों की बिक्री में बडी गिरावट दर्ज की गई। बिक्री में 18.3प्रतिशत की गिरावट आई है, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे निचला स्तर है। जानकारी के मुताबिक, इस गिरावट का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कमी है, जबकि विश्वभर की सरकारें स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान कर रही हैं।

जर्मनी, फ्रांस और इटली जैसे प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार चौथे महीने घट रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इस गिरावट ने यूरोपीय ऑटोमोबाइल निर्माता संघ (एसीईए) को तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता महसूस करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में अगस्त में 43.9प्रतिशतकी कमी आई, जिसमें जर्मनी में 68.8प्रतिशत और फ्रांस में 33.1प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्लग-इन इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री भी 22.3प्रतिशत कम हुई है। प्रमुख कार निर्माता कंपनियों जैसे फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और रेनॉ की बिक्री में क्रमशः 14.8प्रतिशत, 29.5प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत की कमी आई है। सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल 23,023 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जबकि दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा घटकर 10,939 यूनिट्स पर पहुंच गया। इस स्थिति ने स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को संदेह के घेरे में ला दिया है।

## आईपीओ से 500 करोड़ जुटाएगी लीला होटल की पेरेंट कंपनी




**नई दिल्ली।**

लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का परिचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है, जो होटल क्षेत्र में देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। श्लॉस बैंगलोर के आईपीओ में 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। यह बिक्री प्रवर्तक कंपनी प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जाएगी। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट द्वारा समर्थित श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने कहा है कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

मार्च 2024 तक कंपनी पर 4,052.50 करोड़ रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए यह आईपीओ लाया जा रहा है। इस रकम का बड़ा हिस्सा कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन और विस्तार की योजनाओं में उपयोग किया जाएगा।

आईपीओ पूर्व नियोजन चरण में कंपनी 600 करोड़ रुपये जुटाने पर भी विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है, तो नए निर्गम का आकार कम हो सकता है, जिससे कुल जुटाई जाने वाली राशि में बदलाव हो सकता है।

# टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ हैः पीएम मोदी

**वाशिंगटन ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म है। टेक्नोलॉजी- डेमोक्रेसी संकट पैदा कर देता है। भारत के पास युवा भी, टेक्नोलॉजी भी है, मार्किट भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी बताया कि कैसे भारत चीन को पछाड़ने जा रहा है। हालांकि उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ है। भारत की स्किल, भारत की कपाबिलिटी, भारत का परफॉरमेंस में यूनिक तरीके देखते होंगे। विश्व का सबसे बड़ा युवा टैलेंट आज भारत के पास है। इन्वेस्टर के लिए या कोई भी साहस करने वाले व्यक्ति के लिए पॉलिसी स्टेबिलिटी जरुरी है। बता दें कि इस समय चीन सेमीकंडक्टर के उत्पादन करने वाले देशों में नबंर वन है। हालांकि जल्द ही भारत चीन को इस मामले में पछाड़ने जा रहा है। पीएम मोदी ने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत में बता दिया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में 15 बिलियन डॉलर का इन्वेस्ट करने की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। चिप के बिना कोई कारोबार चलना मुश्किल है। 5जी में हम लेट थे, लेकिन आज हम नंबर 1 है। चिप और सेमीकंडक्टर के दिशा में जो बेसिक नीड की जरुरत है उसमें हम पूरी तरह तैयार हैं। आज भी दुनिया की बड़ी कंपनी के रिसर्च और इनोवेशन सेंटर भारत में हैं। मालूम हो कि अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के दौरान गूगल, एनवीडिया और 13 अन्य कंपनियों जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक साझेदार बनने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया और बताया कि कैसे भारत में तकनीकी प्रगति नवाचार को बढ़ावा दे सकती है।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ ही 83.55 पर बंद हुआ। रुपया आज शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.49 प्रति डॉलर पर फिसल गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 84.46 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 100.49 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 फीसदी की बढ़त के साथ 75.04 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।



## भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूतः क्रेडाई

**सिडनी ।** भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूत बनी हुई है और इसमें मंदी की कोई संभावना` दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही मांग पूरा करने के लिए अधिक नई पेशकश की जरूरत है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष संगठन क्रेडाई के अनुसार किसी तिमाही में मकानों की बिक्री कम पेशकश की वजह से गिर सकती है, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद बढ़ी उपभोक्ता मांग बरकरार है। क्रेडाई 23-26 सितंबर को यहां अपना प्रमुख सम्मेलन क्रेडाई नैटकॉन आयोजित कर रहा है। इसमें 1,100 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। चालू तिमाही में बिक्री में अनुमानित गिरावट के बारे में पूछे जाने पर क्रेडाई के वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि सितंबर तिमाही में नई पेशकश कम रही हैं। अे धिकारी ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कोई इन्वेंट्री नहीं है। अच्छे डेवलपर की ओर से सही स्थानों तथा आकर्षक कीमतों पर आवासीय संपत्तियों की भारी मांग है।

## स्पाइसजेट को पात्र संस्थागत नियोजन से 3,000 करोड़ रुपये की राशि मिली




**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये की राशि मिली है। स्पाइसजेट ने इसी को लेकर कहा, क्यूआईपी 16 सितंबर को खुला और 18 सितंबर को बंद हुआ। इसमें निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ काफी अधिक लाभ मिला है। इससे कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में निवेशकों का भरोसा दिखता है। स्पाइसजेट ने कहा, 3,000 करोड़ रुपये के वित्तपोषण के अलावा उसे पिछले वित्तपोषण दौर से 736 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी मिली है। इससे उसकी वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि योजनाओं को भी बल मिला है। । स्पाइसजेट की ओर से कहा गया कि निवेशकों और संस्थानों की ओर से मिली मजबूत प्रतिक्रिया स्पाइसजेट की तेजी से विस्तार करने और भारत के उभरते विमानन बाजार में एक मजबूत कंपनी बनने की क्षमता में दिखती है।'' विमानन कंपनी के अनुसार इस पूंजी निवेश से एयरलाइन अपने परिचालन को मजबूत करने के साथ ही अपने बेड़े को बढ़ाने और यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। इसके आलावा यात्रियों को पहले से बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किये जाएंगे।

# शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद, निफ्टी 26 हजार के करीब पहुंचा

### सेंसेक्स 384 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही विदेशी निवेश बढ़ने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन 384.30 अंक करीब 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ ही 84,928.61 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 148 अंक तकरीबन 0.57 फीसदी बढ़कर 25,939.05 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 25,847.35 और 25,956.00 के बीच कारोबार हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। इसमें एमएंडएम, एसबीआईढ्ढ, भारती एयरटेल, कोटक बैंक और एचयूएल जैसे शीर्ष पांच शेयर शामिल रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, टाइटन, मारुति, रिलायंस, आईटीसी फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी तेजी आई। दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 शेयर गिरावट पर बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, इंफोसिस, टीसीसएस, एलएंडटी, पावर ग्रिड, सन फार्मा और जेएसडब्यू स्टील के शेयर भी नीचे आये।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी फेडरल बैंक (फेड) द्वारा ब्याज दरों में की गई नीतिगत कटौती से से भी घरेलू बाजार ऊपर आया है।

इससे पहले आज सुबह बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सप्ताह के पहले कारोबारी` दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर शुरुआत की। दुनियाभर के निवेशक इस बात पर नजर रख रहे हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बड़ी दर कटौती से आई तेजी कब तक बनी रहेगी। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 151 अंक बढ़कर 84,695 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी 50 में 84 अंकों की बढ़त, यानी 0.33फीसदी की तेजी के साथ 25,875 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों में सोमवार को धीमी शुरुआत देखी गई, क्योंकि क्षेत्र के निवेशक शुक्रवार को चीन और जापान द्वारा किए गए ब्याज दरों के फैसलों को समझने में लगे रहे। इससे पहले, यूएस फेड की तेज ब्याज दर कटौती ने पिछले हफ्ते बाजारों को मजबूती दी थी। सोमवार को जापान के बाजार एक सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ खुला। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.15 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 18,199 के स्तर पर दिखे, जो एचएसआई के पिछले बंद स्तर 18,258.57 से नीचे है।

## लीला पैलेस की मूल कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा किए

**नई दिल्ली।** लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का परिचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए। यह होटल क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में दाखिल आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स (डीआईएफसी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट द्वारा समर्थित श्लॉस बैंगलोर ने कहा कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने तथा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।दस्तावेजों से पता चलता है कि मार्च, 2024 तक कंपनी पर कुल 4,052.50 करोड़ रुपये का उधार था।कंपनी आईपीओ पूर्व नियोजन चरण में 600 करो

## आईनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक नीत कंसोर्टियम से किया समझौता




**नई दिल्ली ।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आइनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम के साथ 2,200 करोड़ रुपये की वित्त सुविधा के लिए समझौता किया है। आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने कहा कि अग्रणी बैंक (आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किए गए कार्यशील पूंजी मूल्यांकन के अनुसार इस सीमा बढ़ाकर 2,400 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है। बयान में कहा गया है` कि आईसीआईसीआई बैंक नीत बैंकों के एक समूह के साथ 2,200 करोड़ रुपये की सीमा के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये सीमाएं मुख्य रूप से गैर-निधि आधारित हैं। आईनॉक्स जीएफएल ग्रुप के एक मुख्य वित्त अधिकारी ने कहा कि कंसोर्टियम व्यवस्था आईडब्ल्यूएल की वित्तीय मजबूती में बैंकिंग समुदाय के विश्वास को दर्शाती है। यह पिछली कई तिमाहियों के प्रयासों का परिणाम है और कंपनी के मजबूत परिचालन प्रदर्शन तथा इसके मजबूत दृष्टिकोण से समर्थित है।

# आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने की संभावना



**नई दिल्ली ।**

आलू-प्याज के उत्पादन को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फिर से रसोई का खर्च बढ़ले की संभावना है। 2023-24 में भारत का बागवानी उत्पादन मामूली 0.65 फीसदी घटकर 353.19 मिलियन टन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे एडवांस अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज और आलू का उत्पादन 242.44 लाख टन और 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है। अन्य सब्जियां जैसे बैंगन, रतालू और शिमला मिर्च का उत्पादन भी कम हो सकता है, जिससे इनकी कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई 3.65 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी। कुल सब्जियों का उत्पादन 205.80 लाख टन होने की उम्मीद है। अनुमानों से पता चला है कि टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, खीरे, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की कीमत वृद्धि के कारण टमाटर का उत्पादन 4.38 फीसदी बढ़कर 21.32 मिलियन टन हो गया है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें पिछले साल आसमान छूकर 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं, जिससे किसानों को ऊंची बाजार कीमतों का फायदा उठाने की उम्मीद में खेती बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। टमाटर के उत्पादन में वृद्धि से भोजन की लागत कम करने में मदद मिली है, शाकाहारी थाली में साल-दर-साल 8 फीसदी और मांसाहारी भोजन में 12 फीसदी की कमी आई है। फलों का उत्पादनआम, केले और अन्य फलों के कारण फलों का उत्पादन 2.29 फीसदी बढ़कर 112.73 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है।

## विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव हैः नायडू



**नई दिल्ली ।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए विमानन मनोविज्ञान क्षेत्र के साथ-साथ तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत प्रणालियों की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने पायलट सहित अन्य के लिए तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत कार्यक्रमों की भी वकालत की। नायडू ने कहा कि विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है। उन्नत मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि मानवीय कारक भी विमान दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान दुर्घटनाओं में मानवीय कारक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह टिप्पणी की। नायडू ने कहा कि सुरक्षा उपायों को भारतीय विमानन क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। उन्होंने लोगों को निरंतर कौशल प्रदान करने तथा उनका कौशल बढ़ाने का आह्वान किया।

# भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लार्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है। चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए।

अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है। गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं।

श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा। टीम को इसके लिए न्यूजीलैंड को एक बार फिर हराना होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।



# रोहित शर्मा के नाम हुआ ये खास रिकॉर्ड, विराट कोहली और सौरव गांगुली भी नहीं कर पाए ऐसा



**जॉर्जिया (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट को जीतकर भारत ने कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वहीं पिछले 12 सालों से घर पर सीरीज जीतने के सिलसिले को भी बरकरार रखा। इसी के साथ रोहित शर्मा के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जो आज तक कोई भारतीय नहीं कर पाया। विराट कोहली और सौरव गांगुली को अपनी कप्तानी के कार्यकाल में एक-एक बार ऐसा करने का मौका मिला था, मगर वह भी चूक गए थे।

चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बैटिंग करने का न्यौता दिया था। टीम इंडिया ने अश्विन के शतक के दम पर 387 रन बोर्ड पर लगाए थे। इसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 149 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में भारत को 227 रनों की बढ़त मिली और टीम इंडिया ने दूसरी पारी 287 रनों पर घोषित कर दी। भारत बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का टारगेट रखा था जिसके जवाब में मेहमान टीम 234 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने 280 रनों से इस मुकाबले को अपने नाम किया।

भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब घर पर खेलते हुए विपक्षी टीम ने टॉस जीता और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मैच जीता हो। इससे पहले 8 बार विपक्षी कप्तानों ने भारत को घर पर पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था लेकिन टीम एक बार भी जीत नहीं पाई।

भारत इस दौरान 2 बार हारा था, वहीं 6 मुकाबले ड्रॉ रहे थे। आखिरी बार 2017 में श्रीलंकाई कप्तान ने भारत को घर पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का न्योता दिया था। कोहली की कप्तानी में भारत ने वो मुकाबला ड्रॉ खेला था। वहीं, गागुंली की कप्तानी में 2001 में ऐसा हुआ था और उस दौरान टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी थी।

# स्टार शटलर पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश, रिटायमेंट नहीं बल्कि ये है भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का अगला लक्ष्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु पेरिस ओलंपिक में भले ही मेडल नहीं जीत पाई हों लेकिन उनका अगल लक्ष्य तय हो चुका है। दरअसल, सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। वहीं अब सिंधु को अपने नए कोच की तलाश है।

29 वर्षीय सिंधु लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक 33 की हो जाएंगे। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल जीतना आसान नहीं होता। सिंधु का अगल ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि, उनका अगल लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच तलाश रही हैं और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबादा लौटने का फैसला भी किया है।

फिलहाल, पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्स्प्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि, सिंधु ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम लौट आई हैं। अभी कोई कैंप नहीं चल रहे हैं इसलिए हैदराबाद में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह सीजन के शुरुआत अर्कटिक ओपन से करेगी।

# चेन्नई टेस्ट : क्या है ब्लैक स्ट्रैप तकनीक, शाकिब अल हसन ने किया था उपयोग

**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** चेन्नई टेस्ट के दौरान बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को बल्लेबाजी करते समय अपनी गर्दन पर लिपटी ब्लैक स्ट्रैप को दांतों में दबाव हुए देखा गया। यह क्रीज पर रहते हुए सिर की सही स्थिति बनाए रखने के उनके प्रयास का हिस्सा था। शाकिब के गुरु मोहम्मद सलाहुद्दीन और बीसीबी के मुख्य चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी ने बताया कि गेंद खेलते समय अपने सिर को गिरने से बचाने के लिए शाकिब ने खुद ही यह तंत्र तैयार किया था। पहले उन्होंने इसी उद्देश्य के लिए नेक ब्रेस का उपयोग किया था।



शाकिब की सिर-स्थिति संबंधी समस्याएं पिछले साल निदान की गई आंख की बीमारी के कारण उत्पन्न हुई हैं। चेन्नई, लंदन, ढाका और सिंगापुर के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें सेंट्रल सीरस कोरियोरेटिनोपैथी (छ्रष्ट) है, एक ऐसी स्थिति जिसके कारण रेटिना के नीचे तरल पदार्थ जमा हो जाता है, जो दृष्टि को विकृत कर सकता है। उचित तकनीक बनाए रखते हुए गेंद पर अच्छी नजर बनाए रखने के लिए शाकिब ने अपने सिर की स्थिति को सही करने के लिए कई घंटे समर्पित किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शाकिब के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. चौधरी ने कहा कि वह इस स्ट्रैप के साथ आए हैं। यह पूरी तरह से उनका विचार है। यह हमसे नहीं आया है। वह बल्लेबाजी करते समय अपने सिर की स्थिति को बनाए रखने के तरीके पर काम कर रहे हैं। चेन्नई ने पुष्टि की कि उनकी आंख में सुधार हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वह पहले नेक ब्रेस के साथ इसे प्रबंधित करने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए यह स्ट्रैप चीज़ भी परीक्षण-और-त्रुटि चरण में है। उन्होंने इसे नेट्स में आजमाया है। उन्होंने इसके साथ बहुत सारी छाया (छाया बल्लेबाजी अभ्यास) की है भी।

बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच डेविड हेम्प ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे शाकिब पिछले कुछ महीनों में कई बार अभ्यास के दौरान इस्तेमाल कर रहे हैं। वह पट्टा का उपयोग करने में बहुत सहज हैं और उन्हें लगता है कि यह उनके सिर की स्थिति में सहायता करता है। मई में एक इंटरव्यू शूट के दौरान शाकिब को अक्सर अपने बैटिंग स्टांस का अभ्यास करते हुए देखा गया था। यह उनकी आंखों की स्थिति को देखते हुए सिर की इष्टतम स्थिति निर्धारित करने के उनके प्रयास का हिस्सा था।

शाकिब ने हाल ही में चेन्नई में अपने नेत्र विशेषज्ञ से सलाह ली, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनकी आंख की स्थिति में सुधार हो रहा है। सलाहुद्दीन ने कहा कि हम सभी की एक आंख प्रमुख होती है, इसलिए जब इससे उन्हें गेंद देखने में परेशानी हो रही है, तो यह समस्याग्रस्त हो सकता है। सलाहुद्दीन शाकिब को अपने सिर की स्थिति को सही करने के लिए रबर स्ट्रैप विधि का उपयोग करते हुए देखकर प्रसन्न हुआ। मुझे लगता है कि यह उसके लिए अच्छा है। मैंने उसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा। उसके मन में यह विचार आया, वह मुझे कल रात फोन पर बता रहा था। वह इसे अपनी गर्दन के चारों ओर बांधता है, और इसे काटने से अनुमति मिलती है उसे अपनी गर्दन और सिर को स्थिर रखना होगा, जब सिर और गर्दन हिलते हैं, तो आंखें भी हिलती हैं, जो एक बल्लेबाज के लिए आदर्श नहीं है। उन्होंने कहा कि यह उनकी निजी बात है। वह समझेंगे कि यह उनके लिए काम कर रहा है या नहीं। मुझे लगता है कि जब तक यह स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा नहीं करता, तब तक यह ठीक है। शाकिब की आंख की हालत के कारण वह इस साल बीपीएल और श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के सफेद गेंद वाले मैचों के दौरान कुछ मैचों से चूक गए थे।

# तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर करेगी आरसीबी !

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम नये रुप में नजर आ सकती है। आरसीबी से तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। ये तीन खिलाड़ी हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ऑलरांउडर कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल। इन तीनो का प्रदर्शन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल 2025 सत्र के लिए इस साल के अंत में नीलामी होगी। आरसीबी आज तक खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य नये खिलाड़ियों को शामिल करना रहेगा। ग्लेन मैक्सवेल - मैक्सवेल को पिछले सत्र में 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा गया था पर उन्होंने पूरे सत्र में केवल 52 रन ही बनाए थे। वहीं गेंदबाजी के दौरान केवल 6 विकेट लिए। वह अंतिम ग्यारह मे अपनी जगह बरकरार नहीं रख पाये। फॉफ डुप्लेसिस - टीम इस बार मेगा नीलामी से पहले डुप्लेसिस को भी बार कर सकती है। आरसीबी ने फाफ डुप्लेसिस को आईपीएल मेगा नीलामी में 7 करोड़ रुपये में शामिल किया था। उन्होंने पिछले सत्र में टीम की कप्तानी की थी। डुप्लेसिस अब 40 की उम्र के करीब पहुंव गये हैं और ऐसे में उनकी जगह भविष्य को देखते हुए किसी युवा को कप्तानी मिल सकती है।

# अश्विन ने वार्न के रिकार्ड की बराबरी की, दिग्गज खिलाड़ी के क्लब में जगह बनायी



चेन्नई। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए पहले टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी के साथ ही दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन ने इस मैच में शतक लगाने के साथ ही दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी के साथ ही उन्होंने 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने के वार्न के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन अब सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी गए हैं। इससे पहले पारी में शतक के साथ ही पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में पूर्व दिग्गज इयान बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस के अलावा वर्तमान में खेल रहे शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा हैं। अश्विन कहा, 'मैं जब भी चेन्नई में आकर खेलता हूं तो यहां मुझे बेहद अच्छा लगता है। मैंने यहां काफी क्रिकेट देखा और खेला है। मैंने पहले दिन अच्छी बल्लेबाजी की और इसके बाद दूसरी पारी में विकेट लिए यह एक विशेष अनुभव है। मैं गेंदबाज होने के कारण उसी तरह सोचता हूं पर बल्लेबाजी के दौरान उसपर ध्यान रखता हूं।

# जयसूर्या के 5 विकेट, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में हराया

**अनंतपुर (एजेंसी)।** गॉल -बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के दूसरी पारी में पांच विकेट और मैच में नौ विकेट की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका के 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 68 रन की दरकार थी जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष थे।

मेहमान टीम ने हालांकि 3.4 ओवर में चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट भी गंवा दिए और उसकी पारी 211 रन पर सिमट गई। कल के नाबाद बल्लेबाज रचिन रविंद्र (92) अपने स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़कर जयसूर्या की गेंद पर पगबाधा हो गए। रविंद्र ने 168 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। जयसूर्या ने अगले ओवर में विलियम ओरोर्के को खाता खोले बिना बोल्ड करके श्रीलंका को जीत दिलाई और टेस्ट क्रिकेट में आठवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए।



रविंद्र शतक से चूक गए लेकिन उनके 92 रन गॉल में न्यूजीलैंड की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने रोस टेलर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 86 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने गॉल में अपने पांचों टेस्ट गंवाए हैं और इस दौरान उसका कोई बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया। इस जीत से श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह भारत और ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। श्रृंखला की शुरुआत तीसरे स्थान पर करने वाला न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर खिसक गया है।

इससे पहले श्रीलंका के पहली पारी में 305 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 340 रन बनाए थे। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 309 रन का स्कोर खड़ा करके मेहमान टीम को 275 रन का लक्ष्य दिया। दो मैच की श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट बृहस्पतिवार से गॉल में ही खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 2009 से पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। तब से दोनों टीम के बीच छह श्रृंखलाएं हुई हैं जिसमें से न्यूजीलैंड ने चार जीती जबकि दो बराबरी पर छूटीं।

# शतरंज ओलंपियाड : हमें खिताब जीतना ही था : तानिया सचदेव



बुडापेस्ट । भारतीय महिला टीम की सीनियर खिलाड़ी तानिया सचदेव ने रविवार को 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा कि उन्हें खिताब हासिल करना ही था। तानिया सचदेव, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने कोच अभिजीत कुंटे के साथ मिलकर अंतिम दौर में अजरबेजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। सचदेव ने 'चेस डॉट कॉम' से कहा कि मैं अभी बहुत अभिभूत हूं। हमने ओपन वर्ग और महिला वर्ग में जो कुछ भी किया है, मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे लगता है कि यही वह क्षण था जिसके लिए हम बने थे।' भारतीय महिलाओं ने 2022 चरण में कांस्य पदक जीता था। ग्रैंडमास्टर वैशाली ने कहा, 'मुझे अब भी पिछला साल याद है, हम आखिरी दौर में हार गए थे। मैं कल रात उन चीजों के बारे में सोचकर सो नहीं पाई थी लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि हम एकजुट होकर खेले। फिडे इंटरनेशनल मास्टर और जीएम सचदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछली बार बहुत मुश्किल रहा था। मैं अब बहुत खुश हूं। जीएम हरिका ने कहा कि वह आखिरकार 20 साल बाद अपने सपने को पूरा करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा कि मैं 20 साल पहले 13 साल की उम्र में ओलंपियाड में पदक जीतने के सपने के साथ आई थी और आखिरकार आज यह पूरा हुआ। हरिका ने कहा कि इस टूर्नामेंट के दौरान मेरे लिए यह उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा और मुझे खुशी है कि लड़कियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। आखिरकार हम सभी एक टीम के रूप में आगे आए और हमने आखिरी गेम जीता। दिव्या देशमुख ने कहा कि टीम अपनी जीत के बाद लंच के लिए जाएगी जबकि आईएम और जीएम वंतिका अग्रवाल ने जीत हासिल करने पर राहत जताई।

# बासित अली ने भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की, अकरम-अख्तर-यूनिस से की इन तीनों की तुलना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी इकाई की विशेष प्रशंसा की और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखने की इच्छा जताई। भारत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच एक दिन से अधिक समय पहले ही जीत लिया। 280 रनों की आसान जीत स्टार-स्टडेड लाइन-अप में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के ऑलराउंड प्रदर्शन का मिश्रण थी।

पहली पारी में जसप्रीत बुमराह (4/50), मोहम्मद सिराज (2/30) और आकाश दीप (2/19) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को 149 रन पर ढेर कर दिया। बुमराह ने पहली पारी में नियंत्रण दिखाया और चार विकेट लिए। आकाश ने आकर्षक स्पेल में शुरुआत में ही बढ़त बना ली और सिराज ने परेशानी खड़ी करने के लिए अपनी निरंतरता पर भरोसा किया।


तेज गेंदबाजों से प्रभावित होकर बासित ने भारत की 'प्रभावशाली' गेंदबाजी की सराहना की और तेज गेंदबाजों की तुलना पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस से की। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'भारतीय गेंदबाजी इकाई इतनी प्रभावशाली है कि वे वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस जैसे तेज गेंदबाजों के बराबर हैं। अभी मोहम्मद शमी नहीं खेल रहे हैं।'

स्थापित मुख्य खिलाड़ी बल्लेबाजों को अपनी धुन पर नचा रहे हैं, वहीं उभरते युवा तेज गेंदबाज चमकने के मौके का चुपचाप इंतजार कर रहे हैं। 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एक और तेज गेंदबाज सामने आया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युवा तेज गेंदबाज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और आईपीएल 2024 की सबसे तेज और टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद फेंकी।



# इस बार ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना : ग्रीन

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही है। इसका कारण है कि टीम की तैयारियां अच्छी हैं। ग्रीन भी इसमें अपनी ओर से अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित हैं और अब उनका लक्ष्य इसी प्रकार का प्रदर्शन भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करना रहेगा। भारतीय टीम के हाथों पिछले एक दशक में उसे हर बार इस सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ग्रीन ने कहा, ' मैं इस सीरीज में जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देना चाहता हूं। मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं। इस ऑलराउंडर ने कहा, 'मैं और मिचेल मार्श हमेशा इस बात को लेकर बात करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा। ऐसे में हम इन ओवरों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा, 'अभी मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छी स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में अपना योगदान दे सकता हूं। अभी मैं एक अदद ऑलराउंडर बनकर खुश हूं।



# इस मैदान में कोई ऐसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है : यादगार प्रदर्शन पर बोले अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया और रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को 280 रनों से जीत दिलाई। पहली पारी में ऑलराउंडर ने घरेलू मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक लगाया और फिर 6-88 के आंकड़े के साथ भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त दिलाई। अश्विन की इस दोहरी उपलब्धि ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान दिलाया। हालांकि, अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपनी पत्नी प्रीति नारायणन, दो बेटियों और घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करने के लिए चेपक की 'ऊर्जा' को श्रेय दिया।

अश्विन ने बीसीसीआई टीवी पर प्रीति को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मुझे नहीं पता कि इस पर क्या प्रतिक्रिया दूं, क्योंकि पहले दिन कुछ ऐसा हुआ जो बहुत जल्दी हुआ। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं यहां बल्लेबाजी करने आऊंगा और शतक बनाऊंगा। मैंने काफी समय से बल्लेबाजी नहीं की थी। यह बहुत अच्छा लगता है। हर बार जब मैं यहां आता हूं तो यह खास लगता है। मुझे नहीं पता कि इस मैदान में कोई ऐसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।'

क्या आपको लगता है कि इस ऊर्जा (उनका जिक्र करते हुए) ने आपकी ऊर्जा में कुछ इजाफा किया है, अश्विन बेटी दिवस के अवसर पर बच्चों को क्या उपहार देंगे? क्रिकेटर ने जवाब दिया, 'मैं उन्हें वह गेंद दूंगा जिससे मैंने पांच विकेट लिए थे। प्रीति शिकायत करती रही कि मैंने उसे पहले दिन नहीं देखा। अश्विन ने कहा, 'मैंने नहीं देखा। मेरे लिए जब मैं खेल रहा होता हूं तो परिवार का ख्याल रखना बहुत मुश्किल होता है। खेल के बीच में मैं सचेत प्रयास करता हूं क्योंकि बच्चे हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'तुमने नमस्ते क्यों नहीं कहा।'

प्रीति ने कहा, 'मैं यहां बचाव करना चाहूंगी। मैं हमेशा नमस्ते नहीं कहती। जब आप 9 से 5 बजे तक सीट पर बैठते हैं और मैं देखती हूं कि राज मेरी तरफ हाथ हिला रहा है जैसे कि मैंने दो दिन बनाए हों। लेकिन बधाई। चेन्नई में दूसरा शतक और पांचवां विकेट। बच्चे यहां हैं, उन्होंने वाकई बहुत अच्छा समय बिताया। एक बेहतरीन रविवार की सुबह, मौसम भी बढ़िया रहा।' अश्विन ने अपनी पत्नी के समर्थन और उनके लिए भाग्यशाली होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'वहां रहने और मुझे शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद।'



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# द फैमिली मैन 3 में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री?

राज और डीके द्वारा निर्मित द फैमिली मैन सबसे मनोरंजक जासूसी-एक्शन थ्रिलर में से एक है। इस सीरीज को पहले सीजन से ही पसंद किया जा रहा है। मनोज बाजपेयी की इस सीरीज में प्रियामणि, शारिब हाशमी और अन्य कलाकार भी हैं। निर्माताओं ने नागालैंड में इसके तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार जयदीप अहलावत द फैमिली मैन 3 सीरीज में एंट्री कर चुके हैं । एक सूत्र ने पोर्टल को मनोज बाजपेयी की सीरीज की स्टार कास्ट में जयदीप के शामिल होने की पुष्टि की है। पाताल लोक अभिनेता राज एंड डीके टीम के साथ चल रहे शूट शेड्यूल के लिए नागालैंड में हैं। हालांकि, द फैमिली मैन सीजन 3 में उनकी भूमिका के बारे में कोई जानकारी नहीं है। निर्माताओं ने उनके किरदार को गुप्त रखा है। सूत्र ने कहा कि दर्शक उम्मीद कर सकते हैं कि तीसरे सीजन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उनका किरदार उन्हें शो देखने के लिए उत्साहित करेगा। इस बीच, द फैमिली मैन में जेके तलपड़े की भूमिका निभाने वाले शारिब हाशमी ने अपने प्रशंसकों को सूचित करने के लिए एक्स का सहारा लिया कि उन्होंने आगामी सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। सीजन 3 के लिए एक प्रशंसक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, शारिब ने ट्वीट किया, मैं भी!!! अभी शूटिंग चल रही है। इससे पहले, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राज और डीके द फैमिली मैन सीजन 4 को साइन करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, वहीं चौथे सीजन के साथ सीरीज को साइन करने के बारे में चर्चा हुई है। राज-डीके फिलहाल इस पर विचार कर रहे हैं, और अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।



# स्टॉर्मराइडर से जैकलीन ने संगीत की दुनिया में रखा पहला कदम

जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। जैकलीन अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए प्रसिद्ध हैं। जैकलीन ने अपने पहले एकल स्टॉर्मराइडर के साथ संगीत की दुनिया में कदम रखा है, जिसमें उन्होंने गाने के माध्यम से अपने निजी जीवन के सफर को प्रदर्शित किया है। जैकलीन फर्नांडीज ने अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू सिंगल, स्टॉर्मराइडर की रिलीज के साथ एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। चिट्टियां कलाइयां, जुम्मे की रात और गेंदा फूल जैसे बॉलीवुड हिट गानों के लिए मशहूर जैकलीन ने दर्शकों का दिल हमेशा ही जीता है। उनके म्यूजिक वीडियो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है और अब यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जैकलीन ने इस गाने के जरिए सिंगर के रूप में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। सितंबर का महीना जैकलीन के लिए यादगार साबित हुआ है, क्योंकि हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल के ट्रेलर की रिलीज के साथ सुर्खियां बटोरीं। अब, अपनी अंतर्राष्ट्रीय सफलताओं में इजाफा करते हुए, उन्होंने स्टॉर्मराइडर के जरिए एक गायिका के रूप में अपनी शुरुआत की। जैकलीन का यह गाना अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अमृता सेन, जेक जियोंग (फ्रिसन), सरबन कैजन, फीनोम और एलेक्स विंटर द्वारा निर्मित, स्टॉर्मराइडर को बेवर्ली हिल्स के मिस्ट म्यूजिक स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया था। अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट द्वारा लिखित यह ट्रैक सशक्तिकरण, स्वतंत्रता और लचीलेपन के विषयों के माध्यम से सभी का पसंदीदा बनता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जैकलीन ने अपने संगीत अपने सफर के बारे में बताते हुए जैकलीन ने कहा, जब मैंने संगीत में कदम रखा, तो यह सिर्फ गाने बनाने के बारे में नहीं था यह मेरी कहानी, भावनाओं और सफर को व्यक्त करने के बारे में है। संगीत सिर्फ आवाज से कहीं बढ़कर है। यह जुड़ाव, लचीलापन और सशक्तिकरण के बारे में है। मैंने इस गाने पर लगभग एक साल बिताया है, वीडियो में अपने हर लुक को तैयार किया है और उसे देखा है और हर लुक दमदार है, जिसके पीछे गहरा अर्थ छिपा है।



# रेस 4 में साथ काम करेंगे सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा!

लोकप्रिय रेस फ्रेंचाइजी की आगामी चौथी किस्त का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने रेस 4 के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताईं। उन्होंने बताया कि फिल्म में पहली दो फिल्मों की कहानी को जारी रखा जाएगा और इसकी शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया जाएगा।

## सिद्धार्थ भी निभाएंगी अहम भूमिका

शिराज अहमद ने ही पहली तीन रेस फिल्में भी लिखी थीं। अब उन्होंने पुष्टि की कि रेस 4 की पटकथा लगभग पूरी हो चुकी है और अधिकांश कलाकारों का चयन भी हो चुका है। सैफ अली खान पहली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका में थे, वे अब इस फ्रेंचाइजी में भी वापसी करेंगे। खबर है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा को भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि जनवरी 2025 में शूटिंग शुरू होगी। बाकी कलाकारों की घोषणा निर्माताओं और टिप्स फिल्म्स द्वारा उचित समय पर की जाएगी।

## रेस 4 के निर्देशक का चुनाव बाकी

इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था, जबकि तीसरी का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया था। इससे पहले ऐसी खबरें थीं कि निखिल आडवाणी को फिल्म का निर्देशन करने के लिए चुना गया है। हालांकि रेस 4 के लिए निर्देशक अभी तक तय नहीं हुआ है। पहली फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय खन्ना प्रतिद्वंद्वी भाइयों की भूमिका में थे। फिल्म में बिपाशा बसु और कैटरीना कैफ भी थीं। दूसरी फिल्म में भी सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन इसमें जॉन अब्राहम ने खलनायक का किरदार निभाया था।



# करीना कपूर ने की शाहिद कपूर की तारीफ




करीना कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत की गई है। 20 सितंबर से शुरू हुआ ये समारोह 27 सितंबर तक चलेगा, जिसमें करीना की कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसी बीच, करीना कपूर ने एक हालिया साक्षात्कार में अपनी चर्चित फिल्म जब वी मेट को लेकर बातचीत की। बेबो की फिल्म जब वी मेट को रिलीज हुए 17 साल बीत चुके हैं। सोशल मीडिया पर इस फिल्म की अक्सर चर्चा होती रहती है। इसमें बेबो ने गीत का किरदार अदा किया था, जिसे लोग बहुत पंसद करते हैं। ब्रूट को दिए साक्षात्कार में करीना कपूर से इसी फिल्म को लेकर पूछा गया कि उन्हें इस फिल्म और गीत के किरदार में सबसे ज्यादा क्या पसंद है। अपने जवाब में करीना कपूर ने पलक झपकने से पहले कहा कि सब कुछ। करीना ने आगे कहा कि गीत एक महत्वाकांक्षी इंसान थीं और हर कोई उसकी तरह जीना और बनना चाहता था। मालूम हो कि करीना का किरदार एक पंजाबी लड़की का होता है, जो एक दिन ट्रेन में आदित्य नाम के बिजनेसमैन से मिलती हैं, जिसके बाद उसकी जिंदगी बदल जाती है। जब वी मेट में शाहिद कपूर ने आदित्य का रोल किया था। करीना कपूर ने इस बातचीत में शाहिद की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने फिल्म में बढ़िया काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वाकई में शाहिद के बिना फिल्म पूरी नहीं हो पाती। करीना ने यह भी कहा कि जब हाल ही में, उन्होंने जब वी मेट देखी तो लगा कि ये बड़ी खास फिल्म है। फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी और हिट साबित हुई थी। इसके गानों को भी लोगों ने खूब पसंद किया था।

# हनीमून फोटोग्राफर किरदार ने वास्तव में मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया



आशा नेगी अभिनीत मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर हैं। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फ़ोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है।



# 'मानवत मर्डर्स' में रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका निभाएंगे आशुतोष

सोनी लिव एक मनोरंजक क्राइम थ्रिलर सीरीज 'मानवत मर्डर्स' लेकर आ रही है। यह सीरीज 70 के दशक में देश को झकझोर देने वाली सबसे भयानक घटनाओं को दिखाएगी। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो प्रतिष्ठित सीआईडी जासूस रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका अदा करेंगे, जिन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में भी जाना जाता है।

## दिल दहला देने वाली हत्याओं की गुत्थी सुलझाते दिखेंगे आशुतोष

इस सीरीज में गोवारिकर एक अनूठी भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो शांत और संयमित होने के साथ-साथ अत्यधिक समझदार भी हैं। उनका किरदार इतिहास के कुछ सबसे जटिल मामलों को सुलझाते हुए नजर आएगा। यह सीरीज 1970 के दशक के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली विचित्र हत्याओं की एक सीरीज को सुलझाने के उनके प्रयासों को उजागर करेगी। आशुतोष गोवारिकर कहते हैं, 'मैं बेहद सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं कि मुझे बॉम्बे सीआईडी के पुलिस अधिकारी रमाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिए चुना गया, जो आज दर्शकों के सामने पेश किए जाने के बिल्कुल हकदार हैं। उन्होंने कई ऐसे मामलों को सुलझाया जो अनसुलझे रह जाते, जिनमें कुख्यात मानवत हत्याएं भी शामिल हैं।'

## एस कुलकर्णी के तौर तरीकों से होगा केस हल

गोवारिकर आगे कहते हैं कि उन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में जाना जाता था। उनकी आत्मकथा, 'फुटप्रिंट्स ऑन द सैंड्स ऑफ क्राइम' ने उनके काम करने की प्रक्रिया, बारीकियां, संदिग्धों से निपटने और उनसे कबूल करवाने के तरीके और बहुत कुछ चौंकाने वाली जानकारी दी।

## को-एक्टर्स के साथ काम करके खुश हैं गोवारिकर

आशुतोष गोवारिकर ने अपने को-एक्टर्स के बारे में कहते हैं, 'इस शो का एक और रोमांचक पहलू कई वर्षों के बाद मकरंद अनासपुरे और मेरी दो पसंदीदा अभिनेत्रियों सोनाली कुलकर्णी और साईं ताम्हणकर के साथ काम करना था। उनके साथ काम करना अभिनय में क्रैश कोर्स की तरह था। मैं निर्देशक आशीष के साथ जुड़ने के लिए भी उत्साहित था।'

# लव एंड के बाद इस फिल्म पर काम शुरू करेंगी आलिया



आलिया भट्ट की अगली फिल्म जिगरा जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आलिया इन दिनों वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इसके बाद वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करेंगी। लव एंड वॉर में उनके पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में हैं। इसी बीच खबर आई है कि आलिया ने लव एंड वॉर के बाद अपनी अगली स्क्रिप्ट चुन ली है जानकारी के अनुसार लव एंड वॉर के बाद आलिया एक लव स्टोरी में नजर आएंगी।